# शिक्षक ने छठवी के छात्र के कनपटी के बाल उखाड़े

## साइंस का चैप्टर नहीं बताने पर शिक्षक ने की बर्बरता, कलेक्टर ने एफआईआर कराने के दिए निर्देश

सिंगरौली

जिला मुख्यालय से करीब 4 किलो मीटर दूर स्थित केंद्रीय नवोदय विद्यालय में शिक्षक का क्रूर चेहरा सामने आया है. जहां एक शिक्षक ने छठवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र के साथ हैवानियत भरी सजा दी है, शिक्षक ने मासूम छात्र के कनपटी के नीचे के सारे बाल उखाड़ दिए हैं. इसके बाद डरा सहमा छात्र तीन दिनों से स्कूल नहीं गया. वही घटना के तीन दिनों तक जिम्मेदार पूरे मामले में पर्दा डालने की कोशिश में जुटे रहे। मामला प्रकाश में आने के बाद प्रिंसिपल बीएस गुप्ता शिक्षक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा हैं और तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर मामले की जांच करने की बात कह रहे हैं। वहीं फोटो विडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कलेक्टर ने कार्यवाही करने की बात कही है।



गौरतलब है कि केंद्रीय नवोदय विद्यालय की छात्रा आलोक कुमार साकेत कक्षा 6 में पढ़ाई करता है। छात्र ने बताया कि एक दिसंबर को स्कूल में पदस्थ शिक्षक सैयद काजी सोशल साइंस का एक चैप्टर पूछा लेकिन जब जवाब नहीं दिया तो वह बेरहमी के साथ बर्ताव करते हुए उसके कनपटी के बाल उखाड़ लिए। उस दौरान छात्र दर्द से कराह उठा और रो-रो कर उसका बुरा हाल हो गया। छात्र ने अपनी आप बीती अपने माता-पिता से बताई। वही नवोदय विद्यालय के प्रिंसिपल सहित अन्य स्टॉप इस मामले को तीन दिनों से दबाने का प्रयास किया। अब जब यह मामला तूल पकड़ा तो प्रिंसिपल बीएस गुप्ता ने कहा कि मैं दो दिन से स्कूल में नहीं था। शासकीय कार्य से बाहर था। प्राचार्य ने कहा कि जैसे ही मुझे इस मामले की जानकारी मिली। मैंने शिक्षक को कारण बताओ नोटिस देकर जवाब मांगा है। हालांकि इस दौरान प्राचार्य ने शिक्षक सैयद काजी का बचाव करते नजर आए। उन्होंने कहा कि शिक्षक छात्र के कान के ऊपर के बाल पड़े जिससे कुछ बाल टूट गए। भूल बस शिक्षक से यह काम हो गया आगे कभी भी पुनरावृत्ति नहीं होगी। आगे उन्होंने कहा कि तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की है। जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

### मां पर शिकायत नहीं करने का बनाया दबाव

बच्चों के साथ बर्बरता करने के बाद शिक्षक सहित अन्य स्टाफ ने पीड़ित छात्रा के मां पर शिकायत नहीं करने का दबाव बनाया। पीड़ित छात्रा की माता सीमा भारती का कहना है कि उसके पति मजदूरी करके बच्चे को पढ़ा रहे हैं। जिस तरह से बच्चें के बाल उखाड़े गए वह ठीक नहीं है। बर्बरता के बाद स्कूल प्रबंधन से जुड़े लोग शिकायत नहीं करने का दावा बनाते रहे।

### इनका कहना है

*मामला मेरे संज्ञान में आया है। जिस टीचर ने यह कृत्य किया है उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई और निलंबन की कार्यवाही करेंगे। जरूरत पड़ी तो शिक्षक के खिलाफ एफआईआर कराई जाएगी।*

**चंद्रशेखर शुक्ला,**
**कलेक्टर, सिंगरौली**

# जिले में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है उर्वरक: उपसंचालक कृषि

**सिंगरौली।** उपसंचालक कृषि आशीष पाण्डेंय ने बताया कि जिले में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता है । जिले के किसान विभिन्न समितियों एवं मार्कफेड केन्द्रों से उर्वरक प्राप्त कर सकते ह। उन्होने बताया कि जिलें के मार्कफेड गोदामों एवं समितियों में यूरिया 2140 मे. टन, डीएपी 582 मे. टन एवं एसएसपी 200 मे. टन उपलब्ध है। तथा 2 दिवस के अन्दर लगभग 1300 टन एन.पी.के. की रैक जिले को प्राप्त हो रही है। एवं 2700 मे. टन डीएपी एवं टीएसपी की 1 रैक 1 सप्ताह के अन्दर जिले को प्राप्त हो जायेगी। विभाग द्वारा लगातार खाद एवं बीज दुकानों का निरीक्षण कर जॉच की ज रही है। इस सम्बन्ध उन्होंने बताया कि न्यू शाह बीज भण्डार दुकान को सील किया गया है एवं प्रशान्त बीज भंडार बैढन एवं अरविन्द सीड स्टोर बैढन का क्रय-विक्रय प्रतिबंधित करते हुए इस सम्बन्ध में जवाब चाहा गया है । जवाब आने पर अग्रिम कार्यवाही की जायेंगी।

# शैक्षिक यात्राः विज्ञान, तकनीक और प्रकृति से जुड़ाव का अनूठा अनुभव

**सिंगरौली।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरई की कक्षा 12वीं विज्ञान वर्ग की छात्राओं ने शैक्षिक भ्रमण के माध्यम से विज्ञान और प्रकृति का अद्भुत अनुभव प्राप्त किया। यह प्रेरणादायक यात्रा विद्यालय के प्राचार्य ललित कुमार द्विवेदी के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। इस शैक्षिक यात्रा का पहला पड़ाव था शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, पचौर। यहां छात्राओं ने पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रवेश की प्रक्रिया, आवश्यक अर्हताओं, उपलब्ध शाखाओं, और उनमें संभावित करियर मार्गदर्शन के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। छात्राओं ने कॉलेज की प्रयोगशालाओं में आधुनिक यंत्रों और मशीनों का अवलोकन किया। मशीनों की कार्यप्रणाली और उनके उपयोग ने छात्राओं के भीतर विज्ञान के प्रति नई रुचि और उत्साह का संचार किया। हॉस्टल सुविधाओं और कैंपस चयन प्रक्रिया की जानकारी ने



उनके भविष्य की योजनाओं को एक नई दिशा प्रदान की। कॉलेज भ्रमण के बाद छात्राओं ने बुद्ध टेंपल और नेहरू पार्क, विंध्यनगर का भी दीदार किये। यहां प्रकृति की अनमोल सुंदरता और शांति ने उनके मन-मस्तिष्क को तरोताजा कर दिया। हरे-भरे पेड़ों, रंग-बिरंगे फूलों और प्राकृतिक सौंदर्य के विभिन्न रंगों को देखकर छात्राएं मंत्रमुग्ध हो गईं। इस अनुभव ने उन्हें न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि प्रकृति के प्रति भी संवेदनशील बनाया। इस यात्रा में विद्यालय के शिक्षक माखनलाल, रामवती सिंह, रोशनी गुप्ता, और शिवरंजन गुप्ता ने भी सहभागिता की। प्राचार्य श्री द्विवेदी ने बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना और उन्हें मशीनों और तकनीकों से परिचित कराना था। छात्राओं ने इस शैक्षिक भ्रमण का भरपूर आनंद लिया और इसे अपने जीवन का अविस्मरणीय अनुभव बताया।

# दिव्यांग दिवस पर अजय को मिली मोटराईज्ड ट्राईसिकिल

**सिंगरौली।** दिव्यांग जनों को चलने फिरने में किसी भी तरह की असुविधा का सामना नही करना पड़े, इस उद्देश्य से दिव्यांग जनों को सामाजिक न्याय विभाग व्दारा मोटराईज्ड ट्रायसिकिल वितरित की जाती है । विश्व दिव्यांग जन दिवस के अवसर पर राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न में आयोजित कार्यक्रम में अजय कुमार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती राधा सिंह सहित अन्य जन प्रतिनिधियों के द्वारा दिव्यांग जनो को ट्राईसायकल का वितरण किया गया। इस अवसर पर दिव्यांग अजय ने बताया कि पहले मुझे अपने काम करने में काफी



असुविधा का सामना करना पड़ता था । अब मोटराईज्ड ट्रायसिकिल मिल जाने पर मुझे आने जाने में होने वाली असुविधा से मुक्ति मिल जाएगी । मोटराईज्ड ट्राईसिकिल के साथ हेलमेट भी प्रदान किया गया । जिसका उपयोग ट्रायसिकिल चलाते समय करेंगे । इसके लिए मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव तथा जिला प्रशासन सिंगरौली को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।इस अवसर पर दिव्यांग अमित ने बताया कि पहले मुझे अपने काम करने में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता था । मोटराईज्ड ट्राईसिक मिलने से मेरी दैनिक दिनचर्या को आसान हो जायेंगी।अब मोटराईज्ड ट्रायसिकिल मिल जाने पर मुझे आने जाने में होने वाली असुविधा से मुक्ति मिल जाएगी । मोटराईज्ड ट्राईसिकिल के साथ हेलमेट भी प्रदान किया गया । जिसका उपयोग ट्रायसिकिल चलाते समय करेंगे । इसके लिए मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव तथा जिला प्रशासन सिंगरौली को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।

# साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

सिंगरौली

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देश के पालन में पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री सिंगरौली के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन में साइबर सेल टीम द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। जिले के समस्त थानों में पदस्थ साइबर ऑपरेटर्स ने भाग लिया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य साइबर अपराधों की रोकथाम कर, साइबर सुरक्षा को बढ़ावा देना व आमजन को जागरूक कर, साइबर शिकायतों/अपराधों पर त्वरित कार्रवाई करना रहा। साइबर पोर्टल, सी.ई.आई.आर पोर्टल,



प्रतिबिंब पोर्टल व जे.एम.आई.एस पोर्टल के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। साइबर अपराध की शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही कर फ्रॉड की राशि हॉल्ड करवाने की प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी दी गई। साइबर क्राइम के शिकार पीड़ितों की थाने स्तर पर ही मदद करने के लिए थानों में पदस्थ ऑपरेटर्स के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिले में साइबर क्राइम के मामले में अब पीड़ित को पुलिस की मदद के लिए भटकना नहीं पड़ेगा थाने स्तर पर नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से त्वरित कार्रवाई की जा सकेगी। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों में निर्धारित अवधि में कार्यवाही हेतु प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षणार्थियों को वर्तमान में साइबर ठगों द्वारा नए-नए तरीकों से आमजन से ठगी की जा रही है, की विस्तृत जानकारी साझा करते हुये आमजन को जागरूक करना तथा साइबर अपराधों पर त्वरित कार्रवाही करने और पीड़ितों के साथ हुए फ्रॉड की राशि को तुरंत हॉल्ड कर रिफंड करवाने हेतु प्रशिक्षित किया गया। साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए अपने-अपने थाने पर जाकर जन जागरूकता अभियान चलाया जाए, साइबर अपराधों की रिपोर्टिंग के लिए थाना स्तर पर एक आसान और सुरक्षित प्रक्रिया बनाई जाए, जिससे आम जन की शिकायतों का त्वरित निदान हो। अगर आप धोखाधड़ी का शिकार हो जाते है तो तुरंत 1930 पर या नजदीक थानें में रिर्पोट करे।उक्त प्रशिक्षण में सभी थानों-चौकी के ऑपरेटर्स व साइबर सेल टीम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें।

# 94 संबल श्रमिक परिवारो के खाते में मुख्यमंत्री ने आंतरित की 2 करोड़ 8 लाख की राहत राशि

**सिंगरौली।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा मंत्रालय से प्रदेश के 10236 श्रमिक परिवारो के खाते में सिंगल क्लीक के माध्यम से 225 करोड़ रूपयें आंतरित किया गया। वही सिंगरौली जिलें 94 श्रमिक परिवारो के खाते में मुख्यमंत्री के द्वारा 2 करोड़ 8 लाख रूपयें आंतरित किया गय। विदित हो कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना में असंगठित श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा मुहैया करायी जाती है. इस योजना में श्रमिकों को कई तरह की सुविधाएं दी जाती हैं. अब इस योजना में गिग वर्कर्स को भी



अनुग्रह सहायता और अंत्येष्टि का लाभ मिलता है। संबल योजना के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक की दुर्घटना में मौत होने पर 4 लाख रुपए, सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रुपए, स्थायी अपंगता पर 2 लाख तथा आंशिक अपंगता पर रुपये 1 लाख आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। पहली बार आधार से लिंक किए गए श्रमिक परिवारों को सहायता राशि प्रदान की जा रही है। संबल योजना प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसमें श्रमिक को जन्म से लेकर मृत्यु तक आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। मध्यप्रदेश सरकार ने संबल योजना को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। संबल योजना में सभी योजनाओं जैसे अंत्येष्टी सहायता, मृत्यु अथवा दिव्यांगता पर अनुग्रह सहायता, शिक्षा प्रोत्साहन योजना, प्रसूति सहायता, आयुष्मान भारत, राशन पर्ची आदि का लाभ दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान कलेक्ट्रेट कार्यालय के एनआईसी कक्ष से सिंगरौली विधानसभा के विधायक रामनिवास शाह, महापौर रानी अग्रवाल कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा, पार्षद संतोष शाह, श्रम अधिकारी नवनीत पाण्डेंय, राहुल प्रधान सहित संबल योजना हितग्राही परिवार उपस्थित रहे।

# आप जिलाध्यक्ष भावना चतुर्वेदी के घर पहुंच कर दी बधाई

**सिंगरौली।** विधानसभा क्षेत्र देवसर 81 के ग्राम पंचायत गड़हरा निवासी सुशील चतुर्वेदी के पुत्री बिहार लोक सेवा आयोग में 14वां अंक अर्जित कर जज बनी। सुश्री भावना चतुर्वेदी को आम आदमी पार्टी सिंगरौली जिले के जिलाध्यक्ष देवसर विधानसभा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रतिभान प्रसाद अपने समर्थकों के साथ भावना चतुर्वेदी पिता सुशील चतुर्वेदी निवासी ग्राम गडहरा पहुच शुभकामना और बधाई दी। जिसमें मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रावेंद्र कुमार शाह आम आदमी पार्टी यूथ के सदस्य संदीप कुमार बौद्ध मौजूद रहे।

# पालक शिक्षक संवाद आयोजित

**सिंगरौली।** कलेक्टर द्वारा प्राप्त निर्देश के पालन में एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मार्गदर्शन में 28 नवम्बर को पालक शिक्षक संवाद आयोजित किया गया। उक्त संवाद में सभी शिक्षक भी मौजूद रहे। अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम के संबंध में पालक साथी जन को सभी छात्राओं का परीक्षा परिणाम दिखाया गया एवं परीक्षा उत्तर पुस्तिका का भी अवलोकन पालक साथी जन द्वारा अपने-अपने बच्चों का किया गया। जिसके पश्चात सभी पालक साथी से छात्राओं के गुणवत्ता सुधार के संबंध में सुझाव मांगा गया एवं शिक्षक साथी जन द्वारा भी छात्राओं के संबंध में पालक साथी जन से चर्चा की गई। साथ ही 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार लाने के लिए भी सभी पालक साथी से संवाद किया गया। संस्था प्रभारी द्वारा सभी पालक साथी जन से अनुरोध किया गया कि छात्राएं की उपस्थिति संस्था में शतप्रतिशत रहना अनिवार्य है। जिसमें सभी पालक साथी जन का सहयोग आवश्यक है। अंत में सभी पालक साथी जन को संस्था प्रभारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं सभी पालक साथी के राय से हर माह के 5 तारीख को पालक शिक्षक संवाद बैठक आयोजित किए जाने के लिए तिथि निर्धारित की गई।

# 7 वर्ष से फरार आरोपी को जयंत पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते, विन्ध्यनगर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विन्ध्यनगर श्रीमती अर्चना द्विवेदी की सतत् निगरानी में चौकी प्रभारी जयंत सुधाकर सिंह परिहार द्वारा अपनी टीम के साथ 7 वर्ष से फरार आरोपी को जयंत पुलिस ने गिरफ्तार किया।

जानकारी मे बताया गया कि फरियादी राकेश कुमार नीरज पिता गोपाल प्रसाद उम्र 54 वर्ष निवासी ए-3 एनपीसीसी कालोनी बलिया जयंत चौकी उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके घर का ताला तोडकर अज्ञात बदमाश घर के अन्दर घुसकर सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी सामाने चोरी कर ले गये है, रिपोर्ट पर धारा



457,380 भादवि का अपराध पंजीवद्ध कर विवेचना की गई. दौरान विवेचना प्रकरण में तीन आरोपी अम्बिकेश्वर उर्फ माफिया, गुड्डू कुमार सिंह गोड एवं सोनू पाण्डेय दस्तयाब हुए थे, जिनके प्रकरण में घटना में चोरी गया मशरूका उपरोक्त तीनो आरोपियों से बरामद हो गया था, जिस पर प्रकरण में चालान तैयार कर न्यायालय पेश किया गया था, प्रकरण में चालान पेश के बाद से आरोपी अम्बिकेश्वर उर्फ माफिया पिता कैलासचनद्र उदुबे सा0 बारी थाना बहरी जिला सीधी मप्र हाल बस पडाव नर्सरी जयंत फरार हो गया था, जिसकी लगातार पता तलास करते रहे लेकिन नही मिल रहा था, जिसे 4 दिसम्बर को न्यायालय कोर्ट बैढन से प्राप्त गिर0 वारंट प्रकक-263/2020 धारा 457,380 भावि में (2) इसी प्रकार न्यायालय बैढ़न के न्यायालय से जारी गिरफ?तारी वारंट प्रक-773/2017 चारा 25 (1) (बी) आर्म्स में जारी गिरफ्तारी वारंट में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जिसे न्यायालय द्वारा न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी जयंत उनि सुधाकर सिंह परिहार राजवर्धन सिंह, प्रआर सिरदेलाल उईके, बीरेन्द्र पटेल आर अशोक यादव, प्रकाश यादव की सराहनीय भूमिका रही है।

# एनटीपीसी विंध्याचल में उत्साह के साथ मनाया गया विश्व दिव्यांग दिवस

**सिंगरौली।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी एनटीपीसी विंध्याचल प्रबंधन द्वारा परियोजना के विभिन्न विभागों/अनुभागों में कार्यरत दिव्यांग कर्मचारियों हेतु प्रशासनिक भवन के रामानुजन सभागार में विश्व दिव्यांग दिवस मनाया गया, जिसमें उपस्थित सभी दिव्यांग कर्मचारियों का स्वागत पुष्प देकर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार एवं विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (मेंटीनेंस एवं एडीएम) एजे राजकुमार, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) राकेश अरोड़ा सहित अन्य अपर प्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे , जिन्होंने एनटीपीसी की विविधता



और समावेशन के प्रति प्रतिबद्धता को साकार किया।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर एनटीपीसी गीत के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) राकेश अरोड़ा ने मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथिगणों का स्वागत कर सभी को विश्व दिव्यांग दिवस की बधाई दी एवं उन्होनें एनटीपीसी की विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों के सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता की बात की। तत्पश्चात डीडीआरसी सिंगरौली के सीनियर प्रोस्थेटिस्ट और ऑर्थोटिस्ट मुकुल किशोर ने प्रेरणादायक भाषण दिया और डीडीआरसी के उत्कृष्ट कार्यों को साझा किया। उन्होंने एनटीपीसी विंध्याचल की सीएसआर पहल के लिए आभार व्यक्त किया, जिसने पुनर्वास केंद्र की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा ने विंध्याचल के विशेष आवश्यकता वाले कर्मचारियों की अपार क्षमता की सराहना की, उनके अनेक सफलताओं के उदाहरण प्रस्तुत किए। कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार नें इस वर्ष के थीम समावेशी और सतत भविष्य के लिए नेतृत्व को बढ़ावा देना पर जोर दिया और एनटीपीसी की समावेशी कार्यस्थल बनाने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।कार्यक्रम में उपस्थित सभी दिव्यांग कर्मचारियों हेतु गेम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया एवं सभी कर्मचारियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साथ ही सभी दिव्यांग कर्मचारियों हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे श्रीमती पुर्णिमा चतुर्वेदी(वरिष्ठ प्रबंधक, एचआर), श्रीमती आभा (वरिष्ठ प्रबंधक, एमटीपी), बीएस चौहान(जूनियर अधिकारी, एचआर), एके श्रीवास्तव (जूनियर अधिकारी, फार्मेसी) और रविंद्र मिश्र (पर्सनल सचिव, एचआर) ने अपनी-अपनी कविता सुनाकर सबको तालिया बजाने पर मजबूर कर दिया। समारोह के समापन पर सभी दिव्यांग कर्मचारियों को मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही इस अवसर पर एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर एवं डीडीआरसी, सिंगरौली के सहयोग से मोटराइज्ड व्हीलचेयर का वितरण भी किया गया, जो एनटीपीसी विंध्याचल की पहल का हिस्सा था। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अनम खान, अधिकारी (मानव संसाधन) और धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती मृणालिनी, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) द्वारा किया गया, जिन्होंने सभी प्रतिभागियों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के तहत अनुग्रह सहायता राशि वितरित की

## जिले के 96 हितग्राहियों को 2 करोड़ 16 लाख रुपये की मिली अनुग्रह सहायता राशि



**सीधी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में "मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना" के अंतर्गत 10 हजार 236 श्रमिक परिवारों को 225 करोड़ रुपये की अनुग्रह सहायता राशि का वितरण सिंगल क्लिक के माध्यम से किया। कार्यक्रम में सीधी जिले के 96 हितग्राहियों को 2 करोड़ 16 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि वितरित की गई। जिले में सभी जनपद मुख्यालयों तथा नगरीय निकायों में वेबकास्ट का सीधा प्रसारण किया गया, जहाँ हितग्राहियों द्वारा सहभागिता की गई। एनआईसी कक्ष में विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक, अध्यक्ष जनपद पंचायत सीधी श्री धर्मेन्द्र सिंह परिहार, कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी सहित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीधी श्री अशोक तिवारी, श्रम निरीक्षक एवं प्रभारी श्रम अधिकारी श्री इंद्रजीत सिंह व हितग्राही शामिल हुए।

कार्यक्रम में जिले के संबल योजना अन्तर्गत 96 हितग्राहियों को 02 करोड़ 16 लाख रूपये अनुग्रह सहायता राशि का वितरण सिंगल क्लिक के माध्यम से किया गया। जनपद पंचायत सीधी के 43 हितग्राहियों को 94 लाख रूपये, सिहावल के 10 हितग्राहियों को 24 लाख रुपये, कुसमी के 23 हितग्राहियों को 52 लाख रूपये, रामपुर नैकिन के 06 हितग्राहियों को 14 लाख रूपये, नगर पालिका परिषद सीधी के 05 हितग्राहियों को 12 लाख रूपये, नगर पंचायत चुरहट के 03 हितग्राहियों को 06 लाख रूपये, नगर पंचायत मझौली के 02 हितग्राहियों को 04 लाख रूपये एवं नगर पंचायत रामपुर नैकिन के 04 हितग्राहियों को 10 लाख रूपये अनुग्रह सहायता राशि का वितरण सिंगल क्लिक के माध्यम से किया गया।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत कार्यक्रम 05 दिसंबर को

**सीधी।** उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास ने जानकारी देकर बताया है कि मध्यप्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश दिनांक 15.10.2024 के अनुक्रम में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभांरभ भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रदेश के 51 जिलों में किया जा रहा है। उक्त अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत सीधी ग्राम पंचायत भगोहर के ग्राम सूखी में विधायक विधानसभा क्षेत्र सीधी श्रीमती रीती पाठक के मुख्य अतिथ्य में कार्यक्रम दिनांक 05.12.2024 को संपन्न होगा।

उन्होने समस्त खण्ड स्तरीय विभाग प्रमुख जनपद पंचायत सीधी को निर्देशित किया है कि अपने-अपने विभाग से संबंधित समस्त योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ तैयार की गयी कार्य योजना के साथ कार्यक्रम में उपस्थित रहना सुनिश्चित करें।

## हम होंगे कामयाब अभियान

# नई चेतना 3.0 अंतर्गत महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिए एकता सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र में किया गया गतिविधियों का आयोजन

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज के मार्गदर्शन एवं जिला परियोजना प्रबंधक पुष्पेंद्र कुमार सिंह के निर्देशन तथा जिला जेंडर नोडल युवा सलाहकार हरी राम त्रिपाठी, सहायक जिला प्रबंधक - प्रशांत कुमार मिश्रा के सहयोग से नई चेतना जेण्डर आधारित हिंसा के विरूद्ध राष्ट्रव्यापी अभियान 3.0 के तहत एकता सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र सीधी में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। इस अभियान में रंगोली, जेंडर शपथ, बेटा-बेटी में भेद भाव को खत्म करने पर चर्चा के साथ ही महिला प्रतिभागियों के साथ अभियान की चर्चा की गई।



साथ ही नई चेतना अभियान के तहत संवाद एवं शपथ कार्यक्रम एकता सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र सीधी में मिशन के समस्त जिला स्टॉफ-मनोज चन्द्रिकापुरे (जिला प्रबंधक - वित्त), देवेश मिश्रा (जिला प्रबंधक - स्किल), अजय सिंह (जिला प्रबंधक - सूक्ष्म वित्त), शैलेन्द्र द्विवेदी (जिला प्रबंधक-एमईडी) विजय गोस्वामी (प्रभारी जिला प्रबंधक-कृषि) तथा विकासखंड स्तर से अशोक पाण्डेय (प्रभारी विकासखंड प्रबंधक, सीधी) एवं अनामिका मिश्रा (सहायक विकासखंड प्रबंधक) उपस्थित रहे। म.प्र.डे. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक पुष्पेंद्र कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि वास्तव में जेंडर अभियान पहल समाज में बहुत अच्छा बदलाव लाने का एक अवसर है, जिससे हमारे समाज का एक अच्छा निर्माण भी हो रहा है। इन गतिविधियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के संदेश का प्रचार-प्रसार महिलाओं के बीच किया जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान एकता सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र सीधी की सीटीसी प्रबंधक संगीता पटेल द्वारा जेंडर शपथ दिलाई गयी।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु रामपुर नैकिन में बैठक संपन्न

## कार्ययोजना के संबंध में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से की गई चर्चा



**सीधी।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रदेश के 51 जिलों में किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा इस अभियान को बहुत ही संवेदनशीलता के साथ अनुसूचित जनजाति वर्ग के जीवन स्तर को सुधारने के लिए एवं उनके समग्र विकास के लिए संचालित किया जा रहा है ताकि सभी जनजातीय बसाहटों में अधोसंरचना संबंधी कार्य पूर्ण हो सकें। जिले में उक्त अभियान के तहत 134 गांव चिन्हित किए गए हैं, इसमें सिहावल विकासखंड के 14, सीधी के 48, रामपुर नैकिन के 11, कुसमी के 37 और मझोली के 24 ग्राम चिन्हांकित किए गए हैं।

योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी श्री अंशुमन राज द्वारा बुधवार 04.12.2024 को रामपुर नैकिन विकासखंड मुख्यालय में जनप्रतिनिधियों एवं लाइन डिपार्टमेंट के 18 विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आमंत्रित कर कार्य योजना हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के जो 18 विभागों की 25 सेवाएं हैं और उनमें जो गैप है उसकी कार्ययोजना बनाकर समय-सीमा में शासन को प्रस्ताव भेजा जाना है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने संबंधित ग्राम के सचिव एवं रोजगार सहायक से 18 विभागों की 25 सेवाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की तथा जो गैप है उसके प्रस्ताव उनसे आमंत्रित किए।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला साकेत, विधायक प्रतिनिधि श्री ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, जनपद सदस्य श्री महेन्द्र सिंह भदौरिया, श्रीमती शिव कुमारी सिंह, श्री उमेश जायसवाल, श्री केमलभान सिंह, संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। बैठक में एसडीएम रामपुर नैकिन श्री शैलेश द्विवेदी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग डॉ डी के द्विवेदी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रामपुर नैकिन श्री राजीव तिवारी के अतिरिक्त सभी लाइन डिपार्टमेंट के जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी तथा सचिव/रोजगार सहायक एवं शाखा प्रभारी संजय सिंह उपस्थित थे।

# डायलिसिस सेवाओं में जिला चिकित्सालय को प्रदेश में मिला द्वितीय स्थान



**सीधी।** कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी के मार्गदर्शन में सिविल सर्जन डॉ दीपारानी इसरानी के निर्देशन में जिले वासियों को जिला चिकित्सालय सीधी में डायलिसिस की उत्कृष्ट सुविधायें मिल रही हैं। डायलिसिस सेवाओं के क्षेत्र में जिला चिकित्सालय प्रदेश में अव्वल रहा तथा प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सिविल सर्जन ने बताया कि जिला चिकित्सालय में जनता को डायलिसिस सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। लगभग 35 मरीज चिन्हित हैं। प्रतिमाह लगभग ढाई सौ मरीजों की डायलिसिस होती है। अक्टूबर माह से एचसीवी ग्रसित मरीजों का भी इलाज हो रहा है।

# प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस में दो दिवसीय वार्षिक खेल-कूद एथलेटिक्स प्रतियोगिता सम्पन्न

सीधी



प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी में विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य डॉ पी के सिंह के अध्यक्षता में महाविद्यालयीन वार्षिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता दिनांक 30/11/2024 को सम्पन्न हुई। विधायक सीधी द्वारा सरस्वती माता को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के बाद प्रथम दिवस की प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया, जिसमें महाविद्यालय के अध्यनरत छात्र - छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। विजेताओं को मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य के द्वारा पुरस्कार एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया।

प्रथम दिवस में छोटी दौड़, फेंक एवं कूद का आयोजन हुआ, जिसमें पुरुष वर्ग 100 मीटर में रूपेश गोस्वामी, 200 मी. में देवराज सिंह, 400 मी. और 800मी. में अमर सिंह बैश, 1500मी. में रवीन्द्र विश्वकर्मा प्रथम स्थान पर रहे। फेंक प्रतियोगिता - गोला एवं तवा फेंक में विश्वजित सिंह, भाला फेंक में शैलेंद्र वर्मा और कूद प्रतियोगिता में- लम्बी कूद में रूपेश गोस्वामी, त्रिकूद में सौरभ सिंह और ऊंची कूद में विपिन साकेत प्रथम स्थान पर रहे। महिला वर्ग में 100 मीटर दौड़ डाली मिश्रा, 200 मीटर महिमा पाण्डेय, 400 मीटर नेहा रजक, 800 मीटर प्रियंका यादव, 1500 मीटर दौड़ अंजली साहू, गोला फेंक में प्राची सिंह, तवा फेंक में संगीता सिंह, लम्बी कूद में डाली मिश्रा, ऊँची कूद मे नेहा रजक एवं त्रिकूद मे स्वाती सिंह प्रथम स्थान पर रही।

द्वितीय दिवस में लंबी दूरी एवं पैदल चाल की प्रतियोगिता आयोजित की गई,जिसमें लम्बी दूरी दौड़ - 5 किलोमीटर एवं 10 किलोमीटर में प्रवीण जायसवाल, 20 किलोमीटर में योगेश पांडेय, 20 किलोमीटर पैदल चाल में शिवम शुक्ला प्रथम स्थान पर रहे। महिला वर्ग में लम्बी दूरी की 5 किलोमीटर दौड़ मे प्रियंका तिवारी एवं 10 किलोमीटर मे गीतांजलि तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, 20 किलोमीटर पैदल चाल मे स्वाती सिंह प्रथम स्थान पर रही।

मुख्य अतिथि, प्राचार्य एवं महाविद्यालय परिवार ने आगे के प्रतियोगिता के लिए सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।संभाग स्तरीय प्रतियोगिता विश्वविद्यालय स्टेडियम रीवा में संपन्न होगी। इस प्रतियोगिता को संपन्न कराने में महाविद्यालय परिवार के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निर्णायक के रूप में डॉ रियाजुद्दीन कीड़ा अधिकारी शासकीय महाविद्यालय सिहावल एवं कैलाश वर्मा कोच सीधी साथ-साथ महाविद्यालय के पुरा छात्र एवं मीडिया जनप्रतिनिधि का सराहनीय योगदान रहा। अंत में इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जिन लोगों का योगदान रहा उन सभी लोगों को महाविद्यालय के कीड़ा अधिकारी डॉ रविंद्र नाथ सिंह ने हृदय से आभार व्यक्त किया है।

# हम होंगे कामयाब पखवाड़ा लोक अधिकार केन्द्र मझौली में मनाया गया

**सीधी।** कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अंशुमन राज के मार्गदर्शन एवं जिला परियोजना प्रबंधक श्री पुष्पेंद्र कुमार सिंह एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्री आर सी त्रिपाठी के सहयोग से हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अंतर्गत 04 दिसम्बर 2024 लोक अधिकार केन्द्र मझौली में महिला बाल विकास एवं आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वाधान में हिंसा उन्मूलन संबंधी लैंगिक समानता, महिलाओं के हक और अधिकार, विभिन्न विभागों तक महिलाओं की पहुंच बनाये जाने हेतु संवाद एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में सिरौला, पाड़, दियाडोल, देवरी ठोगा, सिलवार, सहिजनहा, मड़वास, चमराडोल की स्वसहायता समूह की महिलायें उपस्थित थी। कार्यक्रम महिलाओं की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जेण्डर सीआरपी साधना साकेत, ललिता साकेत, माया सिंह, शंकुतला कुशवाहा, लक्ष्मी कुशवाहा ने अपनी बातों को सभी के समक्ष रखा। महिला हिंसा से संबधित समस्या का समाधान कैसे करें इस विषय पर कुलदीप चौबे परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास ने अपने विचारों को रखा और लोगों का समझाइस दी कि घरेलू हिंसा को कैसे रोका जा सकता एवं समस्या आने पर महिला बाल विकास एवं लोक अधिकार केन्द्र के माध्यम से समस्या का समाधान होता है एवं पति पत्नी के बीच दो विवादों का समझौता कराया।

# परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण जिले की 97 विद्यालयों में सम्पन्न

**सीधी।** परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 एनसीईआरटी के गाइड लाइन अनुसार कक्षा 3, 6 एवं 9 के छात्रों के लिए सीधी जिले की 97 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में संपन्न किया गया।कुल 2499 छात्रों का सर्वे होना था। सर्वे में राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल से नियुक्त ओआईसी ने जिले की विद्यालयों का भ्रमण किया। सर्वे हेतु सीबीएसई द्वारा आब्जर्वर नियुक्त किया गया था एवं शिक्षा विभाग द्वारा फील्ड इन्वेस्टिगेटर की नियुक्ति डाइट के स्टूडेंट की गई थी। सभी ऑब्जर्वर एवं सभी फील्ड इन्वेस्टिगेटर समय से पहुंचकर एनसीईआरटी की गाइड लाइन के अनुसार छात्रों की सैंपलिंग करके सर्वे कराया गया एवं सर्वे पश्चात सामग्री सीबीएसई द्वारा नियुक्त आरसीसी सेंटर में जमा कराई जा रही है।

# महिला एवं बाल विकास, वन स्टॉप सेन्टर एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं की उपस्थिति में हुई संगोष्ठी



**सीधी।** कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अंशुमन राज, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीधी श्री अशोक तिवारी के मार्गदर्शन एवं जिला परियोजना प्रबंधक श्री पुष्पेंद्र कुमार सिंह के निर्देशन तथा जिला जेंडर नोडल युवा सलाहकार हरी राम त्रिपाठी, वि.ख.नोडल जिला प्रबंधक-स्किल श्री देवेश मिश्रा एवं सहा. बीओपी श्री सुभाष श्रीवास्तव, जिला प्रबंधक-सामुद.प्रशि. प्रशांत मिश्रा के सहयोग से हम होंगे कामयाब अन्तर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग सुपरवाईजर श्रीमती सरोज सिंह, श्रीमती सुचित्रा देखरिया, श्रीमती केश वर्कर, श्रीमती पुष्पलता शर्मा, श्रीमती मंजुला तिवारी एवं आशा कार्यकर्ता की उपस्थिति में लोक अधिकार केन्द्र विकासखण्ड सीधी में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोक अधिकार केन्द्र एवं वन स्टॉप सेन्टर में स्व सहायता समूह सदस्यों एवं उनके परिजनों के दर्ज कराये जा रहे प्रकरणों को संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुये प्रकरणों को निराकरण कराये जाने हेतु विषय पर विस्तृत चर्चा हुयी। साथ ही नई चेतना अभियान के तहत संवाद एवं शपथ कार्यक्रम आजीविका मिशन कार्यालय सीधी से म. प्र. डे. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ब्लॉक प्रबंधक श्री अशोक पाण्डेय, वि.ख. जेण्डर नोडल श्री मनोज मिश्रा, सहायक विकासखण्ड प्रबंधक श्रीमती अनामिका मिश्रा, श्री रणजीत सिंह, श्री प्रशान्त सिंह, श्री अमरनाथ यादव की उपस्थिति में आयोजित किया गया। म. प्र. डे. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला परियोजना प्रबंधक द्वारा बताया गया कि वास्तव में ये जेंडर अभियान पहल समाज में बहुत अच्छे बदलाव लाने का एक अवसर है जिससे हमारे समाज का एक अच्छा निर्माण भी हो रहा है। इन गतिविधियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के संदेश का प्रचार-प्रसार महिलाओं के बीच किया जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

कार्यक्रम में सीआरपी के रूप में समता समन्वयक श्रीमती मीना सिंह, श्रीमती शोभा सिंह, श्रीमती रामवती पटेल समता सखी श्रीमती अर्चना सिंह, श्रीमती संगीता पटेल एवं अन्य स्व सहायता समूह के सदस्यों द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर समाज के लिए हमें एक अच्छा कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ जिसका वे गर्व भी कर रही हैं।


## पश्चिम मध्य रेल

**कार्यालय कलेक्टर जिला सीधी एवं पदेन उप सचिव म.प्र. शासन राजस्व विभाग**

क्रमांक 1066/भू-अर्जन/2024 — सीधी, दिनांक 16.11.2024
क्रमांक 1068/भू-अर्जन/2024 — सीधी, दिनांक 16.11.2024
क्रमांक 1070/भू-अर्जन/2024 — सीधी, दिनांक 16.11.2024
क्रमांक 1072/भू-अर्जन/2024 — सीधी, दिनांक 16.11.2024

**अधिसूचना**

चूँकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इस संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (5) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (5) में उसके सामने दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अतः भूमि-अर्जन, पुनर्वासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि कोई भी व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इस अधिनियम के अधीन कार्यवाहियों के पूरा हो जाने तक अधिसूचना में विर्निदिष्ट भूमि का कोई संव्यवहार नही करेगा, या कोई संव्यवहार नहीं करायेगा अथवा ऐसी भूमि पर कोई विलंगम सृजित नही करेगा। राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (4) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा-12 द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है। यह परियोजना आम जनता के व्यापक एवं दूरगामी हितों से सम्बद्ध है तथा यह कार्य ललितपुर-सिंगरौली रेल लाईन निर्माण कार्य का भाग है, जो भारत सरकार द्वारा मूलतः वर्ष 1997-98 में स्वीकृत हुआ है। यह अर्जन की कार्यवाही रेखिक दिशा में हो रही है तथा इसमें क्षेत्र में परिवारों का विस्थापन कम संख्या में होगा। अतः इसमें उपर्युक्त कारणों से इसमें सामाजिक समाघात के निर्धारण अध्ययन की आवश्यकता प्रतीत नही होती है।

क्रमांक 1066/भू-अर्जन/2024 — सीधी, दिनांक 16.11.2024

-: अनुसूची :-

(1) भूमि का वर्णन :-
(क) जिला — सीधी
(ख) तहसील — गोपद बनास
(ग) ग्राम — विसैधाटोला
(घ) पटवारी हल्का का नाम व नम्बर — जोगीपुर दक्षिण
(ङ.) निजी भूमि का अर्जित क्षेत्रफल — रकबा 0.3470 हे.

| क्र. | खसरा नं. | अर्जन हेतु प्रस्तावित रकबा हे. में | धारा-12 के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 303 | 0.0200 | उपमुख्य अभियन्ता (निर्माण) पश्चिम मध्य रेल जबलपुर | रीवा-सीधी-सिंगरौली नई बडी रेल लाईन परियोजना निर्माण हेतु रोड क्रॉसिंग के लिए ओवर ब्रिज एवं अन्डर ब्रिज के पहुच मार्ग (एप्रोच) रोड) बनाने हेतु |
| 2 | 305 | 0.0600 | | |
| 3 | 306 | 0.0400 | | |
| 4 | 307 | 0.0500 | | |
| 5 | 308 | 0.1200 | | |
| 6 | 309 | 0.0040 | | |
| 7 | 317 | 0.0450 | | |
| 8 | 281/2 | 0.0040 | | |
| 9 | 281/3 | 0.0040 | | |
| कुल योग - | | 0.3470 | | |

क्रमांक 1068/भू-अर्जन/2024 — सीधी, दिनांक 16.11.2024

-: अनुसूची :-

(1) भूमि का वर्णन :-
(क) जिला — सीधी
(ख) तहसील — गोपद बनास
(ग) ग्राम — कोठार
(घ) पटवारी हल्का का नाम व नम्बर — कोठार
(ङ.) निजी भूमि का अर्जित क्षेत्रफल — रकबा 0.7900 हे.

| क्र. | खसरा नं. | अर्जन हेतु प्रस्तावित रकबा हे. में | धारा-12 के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 650/2 | 0.0200 | उपमुख्य अभियन्ता (निर्माण) पश्चिम मध्य रेल जबलपुर | रीवा-सीधी-सिंगरौली नई बडी रेल लाईन परियोजना निर्माण हेतु रोड क्रॉसिंग के लिए ओवर ब्रिज एवं अन्डर ब्रिज के पहुच मार्ग (एप्रोच) रोड) बनाने हेतु |
| 2 | 649/2 | 0.0400 | | |
| 3 | 510 | 0.0720 | | |
| 4 | 511 | 0.0860 | | |
| 5 | 524 | 0.0100 | | |
| 6 | 527/1 | 0.0150 | | |
| 7 | 528/1 | 0.0300 | | |
| 8 | 527/2 | 0.0150 | | |
| 9 | 528/2 | 0.0300 | | |
| 10 | 528/3/1/1 | 0.0220 | | |
| 11 | 528/3/1/2 | 0.0100 | | |
| 12 | 597/1 | 0.0975 | | |
| 13 | 597/2 | 0.0165 | | |
| 14 | 597/3 | 0.0160 | | |
| 15 | 538/1 | 0.0335 | | |
| 16 | 538/2 | 0.0215 | | |
| 17 | 539 | 0.1200 | | |
| 18 | 541 | 0.0150 | | |
| 19 | 540 | 0.1200 | | |
| कुल योग - | | 0.7900 | | |

क्रमांक 1070/भू-अर्जन/2024 — सीधी, दिनांक 16.11.2024

-: अनुसूची :-

(1) भूमि का वर्णन :-
(क) जिला — सीधी
(ख) तहसील — गोपद बनास
(ग) ग्राम — गाडा बबन सिंह
(घ) पटवारी हल्का का नाम व नम्बर — गाडा बबन सिंह
(ङ.) निजी भूमि का अर्जित क्षेत्रफल — रकबा 0.0870 हे.

| क्र. | खसरा नं. | अर्जन हेतु प्रस्तावित रकबा हे. में | धारा-12 के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 830 | 0.0350 | उपमुख्य अभियन्ता (निर्माण) पश्चिम मध्य रेल जबलपुर | रीवा-सीधी-सिंगरौली नई बडी रेल लाईन परियोजना निर्माण हेतु रोड क्रॉसिंग के लिए ओवर ब्रिज एवं अन्डर ब्रिज के पहुच मार्ग (एप्रोच) रोड) बनाने हेतु |
| 2 | 832 | 0.0320 | | |
| 3 | 897 | 0.0150 | | |
| 4 | 899/1/1 | 0.0050 | | |
| 5 | 899/2/1 | | | |
| 6 | 899/3/1 | | | |
| 7 | 899/4/1 | | | |
| 8 | 899/5/1 | | | |
| कुल योग - | | 0.0870 | | |

क्रमांक 1072/भू-अर्जन/2024 — सीधी, दिनांक 16.11.2024

-: अनुसूची :-

(1) भूमि का वर्णन :-
(क) जिला — सीधी
(ख) तहसील — गोपद बनास
(ग) ग्राम — पडैनियाखुर्द
(घ) पटवारी हल्का का नाम व नम्बर — पडैनियाकला
(ङ.) निजी भूमि का अर्जित क्षेत्रफल — रकबा 0.0350 हे.

| क्र. | खसरा नं. | अर्जन हेतु प्रस्तावित रकबा हे. में | धारा-12 के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 6/2 | 0.0350 | उपमुख्य अभियन्ता (निर्माण) पश्चिम मध्य रेल जबलपुर | रीवा-सीधी-सिंगरौली नई बडी रेल लाईन परियोजना निर्माण हेतु रोड क्रॉसिंग के लिए ओवर ब्रिज एवं अन्डर ब्रिज के पहुच मार्ग (एप्रोच) रोड) बनाने हेतु |
| कुल योग - | | 0.0350 | | |

भूमि का नक्शा (प्लान) उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास के कार्यालय में देखा जा सकता है।

म.प्र. राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार
हस्ताक्षरित
(स्वरोचिष सोमवंशी)
कलेक्टर एवं पदेन
उप सचिव म.प्र. शासन
राजस्व विभाग

## संपादकीय

### ब्रिक्स देशों को चेतावनी, विश्व में एकाधिकार चाहता है अमेरिका

किसी भी देश में सत्ता बदलने के साथ उसकी नीतियों में बदलाव आना हैरानी की बात नहीं है, लेकिन इस बार अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद जो संकेत सामने आ रहे हैं, वे चौंकाने वाले हैं। हालांकि ट्रंप आधिकारिक रूप से जनवरी में राष्ट्रपति पद संभालेंगे, मगर पिछले कुछ दिनों से वे जिस तरह के बयान दे रहे और अपनी सरकार गठन को लेकर जो तस्वीरें पेश कर रहे हैं, उससे साफ है कि वे इस बार बहुत कुछ नया करने जा रहे हैं।अपने एक ताजा बयान में उन्होंने कहा कि अगर कोई देश अमेरिकी डालर को कमजोर करने की कोशिश करेगा, तो उसे अमेरिका में कारोबार के लिए सौ फीसद शुल्क की नीति का सामना करना पड़ेगा। ट्रंप के निशाने पर मुख्य रूप से ब्रिक्स समूह के नौ देश हैं। उनके बयान को एक चेतावनी के तौर पर देखा जा रहा है।सवाल है कि औपचारिक रूप से सत्ता संभालने के पहले ही ट्रंप का ऐसा आक्रामक रुख क्यों सामने आने लगा है। आर्थिक मामलों पर उभरे गतिरोध अलग-अलग देशों के साथ सहयोग आधारित नीतियों के जरिए और सहमति के आधार पर दूर किए जाते हैं या आक्रामक नीतियां लागू करने की धमकी से? इसमें कोई दोराय नहीं कि अमेरिका का अपनी अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए चिंता करना स्वाभाविक है। मगर क्या इसके लिए टकराव और चेतावनी कोई उपयुक्त रास्ता है? नए वैश्विक परिदृश्य में सभी देश अपनी आर्थिक मजबूती के नए विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। इस क्रम में ब्रिक्स देश और खासकर रूस और चीन पिछले कुछ वर्षों से अमेरिकी डालर के विकल्प के रूप में अपनी नई मुद्रा लाने की कोशिश कर रहे हैं। मगर इसे अमेरिका अपने डालर और इस तरह अपनी अर्थव्यवस्था के लिए नुकसानदेह मान रहा है और इस स्थिति में वह ब्रिक्स देशों को अपने यहां व्यापार बाधित करने की चेतावनी दे रहा है। ट्रंप की चिंता अमेरिका के हित में हो सकती है, लेकिन अगर आर्थिक मसले पर दुनिया बहुध्रुवीय और वैकल्पिक रास्ते तलाशती है, तो अमेरिका को इसके कारणों पर विचार करना चाहिए। नए विश्व में एकाधिकार का रास्ता शायद किसी भी देश के हित में नहीं होगा।

# दिल्ली सल्तनत पर बार-बार क्यों करते हैं किसान चढ़ाई?

**दो दिसंबर को भी यही हुआ, जब किसान उत्तर प्रदेश के एक छोर से चले, तो सड़कों पर दौड़ने वाले तेज वाहनों के पहिए थम गए। क्या मरीज, क्या नौकरीपेशा, सभी के पैर अपने जगह रूक गए। दरअसल, अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसान संगठनों ने एक बार फिर दिल्ली पर चढ़ाई करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि ऐसा करने से उन्हें बलपूर्वक बॉर्डरों पर ही रोका गया है। पर, हालात दिल्ली-एनसीआर के एक बार फिर बिगड़ते दिखाई पड़ने लगे हैं। इस दफे भी किसानों के तेवर उग्र दिख रहे हैं। अन्नदाता लंबा आंदोलन करने के मूड में दिखाई पड़ते हैं। इतना तय है, अगर उनकी समस्याओं का समाधान समय रहते नहीं हुआ, तो हालात पिछले किसान आंदोलन जैसे बनने में वक्त नहीं लगेगा। किसान केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार को बीते एक महीने से अल्टीमेटम दे रहे थे कि उनकी मांगे मानी जाएं, उनसे बात करे कोई जिम्मेदार व्यक्ति, जिससे दोनों पक्ष बैठकर कोई हल निकाल सकें।**

( डॉ. रमेश ठाकुर )

दरअसल, अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसान संगठनों ने एक बार फिर दिल्ली पर चढ़ाई करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि ऐसा करने से उन्हें बलपूर्वक बॉर्डरों पर ही रोका गया है। पर, हालात दिल्ली-एनसीआर के एक बार फिर बिगड़ते दिखाई पड़ने लगे हैं।

अन्नदाताओं की समस्याओं का समाधान आखिर कब होगा? क्या उनकी मांगे भविष्य में कभी पूरी हो भी पाएंगी या नहीं? केंद्र में सरकार चाहे कांग्रेस की हो या भाजपा की, हर दौर में यही सब कुछ देखने को मिलता है। कमोबेस, सरकारों का रवैया सदैव एक जैसा ही रहता है। इसलिए एकाएक किसी सरकार को दोषी ठहराना किसी टिप्पणीकार के लिए बेईमानी सा होता है। किसान आंदोलनों से जो समस्याएं उपजती हैं, उसका खामियाजा सिर्फ और सिर्फ आमजन ही भुगतते हैं। समस्याएं किस कदर पनपती हैं इस ओर शायद किसी का भी ध्यान नहीं जाता। मरीज, छात्र, राहगीर, दैनिक कर्मी तो बेहाल होते ही हैं, रोजमर्रा के क्रियाकलाप भी रुक जाते हैं। दो दिसंबर को भी यही हुआ, जब किसान उत्तर प्रदेश के एक छोर से चले, तो सड़कों पर दौड़ने वाले तेज वाहनों के पहिए थम गए। क्या मरीज, क्या नौकरीपेशा, सभी के पैर अपने जगह रूक गए।

दरअसल, अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसान संगठनों ने एक बार फिर दिल्ली पर चढ़ाई करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि ऐसा करने से उन्हें बलपूर्वक बॉर्डरों पर ही रोका गया है। पर, हालात दिल्ली-एनसीआर के एक बार फिर बिगड़ते दिखाई पड़ने लगे हैं। इस दफे भी किसानों के तेवर उग्र दिख रहे हैं। अन्नदाता लंबा आंदोलन करने के मूड़ में दिखाई पड़ते हैं। इतना तय है, अगर उनकी समस्याओं का समाधान समय रहते नहीं हुआ, तो हालात पिछले किसान आंदोलन जैसे बनने में वक्त नहीं लगेगा। किसान केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार को बीते एक महीने से अल्टीमेटम दे रहे थे कि उनकी मांगे मानी जाएं, उनसे बात करे कोई जिम्मेदार व्यक्ति, जिससे दोनों पक्ष बैठकर कोई हल निकाल सकें। लेकिन उनकी बातों को हुकूमती स्तर पर एक बार भी अनसुना और अनदेखा किया गया। दिल्ली पहुंचने के लिए गौतमबुद्ध नगर से करीब 50,000 से अधिक किसान सोमवार सुबह यानी दो तारीख को नोएडा महामाया फ्लाईओवर के पास एकत्रित हुए, फिर उन्होंने दिल्ली कूच का प्लान किया, हालांकि तत्काल रूप से तो पुलिस ने उनकी योजना को विफल कर दिया है। लेकिन किसान बॉर्डर पर ही डटे हुए हैं, वह किसी भी



सूरत में दिल्ली पहुंचना चाहते हैं। उनको लगता है संसद का शीत सत्र चालू है। पूरी हुकूमती मशीनरी इस समय एक साथ है, उनकी बातें आसानी से पहुंच सकती है। पर, ऐसा होता दिख नहीं रहा। केंद्र सरकार इतनी आसानी से सबकुछ मान लेगी, ऐसा भी दिखाई नहीं पड़ता। इसलिए किसान भी काफी उग्र हैं। अपने साथ लंबे आंदोलन को करने के लिए तामझाम लेकर पहुंच हैं। राशन, टैक्टर, मोटरसाइकिल, गैस सिलेंडर, तंबू आदि है उनके पास।

किसानों ने दिल्ली मार्च का प्लान अचानक से ही बनाया। पहले की प्री-प्लान नहीं थी। क्योंकि किसान अपनी विभिन्न मांगो को लेकर नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण पर पिछले कुछ दिनों से धरनागत थे। उनकी प्रमुख मांगे हैं, उन्हें ज़मीन के बदले 10 पर्सेंट निर्मित प्लॉट और 64 पर्सेंट बढ़ा हुआ जमीन का शेष मुआवज़ा दिया जाए। साथ ही जितने किसान जमीन छिन जाने से भूमिहीन हुए हैं, उनके परिवार के बच्चों को केंद्र सरकार और राज्य सरकार कोई न कोई रोजगार जैसी वैकप्लिक व्यवस्थाएं की जाएं, इसके अलावा एमएसपी गारंटी कानून लागू करें। फसलों की कीमतें डबर हों, खाद, बीज व कीटनाशक दवाईयों के रेट कम किए जाएं जैसी पुरानी मांगे भी उनकी बरकरार हैं। इस वक्त मंड़ियों में धान की खरीद में जो घटतौली हो रही है उसे तुरंत रोका जाए। ये मांगे ऐसी जिसे शायद ही सरकारें मांगे। प्रतीत ऐसा होता है कि ये किसान मूवमेंट भी बडा रूप ले सकता है। अभी तक गनीमत ये समझी जाए, इस मोर्चे में सिर्फ दर्जन भर ही किसान संगठन शामिल हुए हैं। हालांकि बाहर से करीब सौ से ज्यादा किसान संगठनों का समर्थन प्राप्त है। मोर्चे को रोकने को अगर कोई जल्द विकल्प नहीं निकाला गया, तो अन्य किसान संगठन भी कूदने में देर नहीं करेंगे।

हांलाकि सोमवार को किसान मोर्चे को देखते हुए नोएडा ट्रैफ़िक पुलिस और दिल्ली पुलिस की ओर से एडवाइजरी की गई जिसमें कालिंदी कुंज बॉर्डर, यमुना एक्सप्रेस-वे और डीएनडी बॉर्डर से बचने की लोगों को सलाह दी गई, क्योंकि इन जगहों पर मोर्चे का असर व्यापक रूप से देखने को मिला। लोग अनचाई परेशानी से जूझते दिखाई पड़े, स्कूली बच्चों भी जाम में फंसे रहे, एमबूलेंस भी नहीं निकल पाई। नौकरीपेशा समय से अपने कार्यालयों में नहीं पहुंच पाए। ये हालात ऐसे ही बने रहेंगे, जब तक ये मूवमेंट चलता रहेगा।

किसान मूवमेंट शुरू होने के कुछ घंटों बाद ही राजनीति भी आरंभ हो गई। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने अपना समर्थन दे दिया। कांग्रेस ने कहा दिल्ली बॉर्डर पर बैरिकेडिंग, वाटर कैनन, दंगा नियंत्रण गाड़ियां और अमित शाह की पूरी पुलिस तैनात की गई। ऐसा प्रतीत होता है जैसे की उनको किसी आंतकवादी को रोकना या पकड़ना हो? किसान भूमि अधिग्रहण का उचित मुआवज़ा और फसल के सही दाम की मांग लेकर दिल्ली आकर सोती सरकार को जगाना चाहते हैं इसमें बुरा क्या है? वहीं, आम आदमी पार्टी की ओर से बयान आया जिसमें कहा गया कि राष्ट्र की राजधानी किसी की बपौती तो है नहीं? फिर किसान क्यों नहीं आ सकते? प्रधानमंत्री पर भी उन्होंने हमला किया। बोले, किसानों पर बर्बरता के नए आयाम रच रहे हैं प्रधानमंत्री। उनके दिल में अन्नदाताओं के लिए रत्ती भर सम्मान नहीं है। कांग्रेस का मानना है कि किसान अपनी जायज मांगों को लेकर दिल्ली आना चाहते हैं, उन्हें आने देना चाहिए, उनपर वाटर कैनन का प्रयोग करना गलत है। दरअसल, ऐसे मौकों पर विपक्ष का बिना सोचे समझे कूद पड़ना, 'आग में घी डालने' का काम कर जाता है। जबकि, उन्हें केंद्र सरकार पर दबाव बनाकर विकल्प और समाधान की ओर ध्यानाकर्षण करवाना चाहिए। ताकि सरकार आंदोलनकारियों से बात करने पर विवश हो? पर, दुर्भाग्य ऐसा हो नहीं पाता और न ही विपक्ष ऐसा प्रयास करता है। सदस्य, राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान (एनआईपीसीसीडी) भारत सरकार है।

# अमेरिका को डॉलर की चिंता

**ट्रंप की यह चेतावनी ब्रिक्स देशों के अक्टूबर सम्मेलन के जवाब में है, जिसमें नॉन-डॉलर ट्रांजेक्शन पर चर्चा हुई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में अपनी दूसरी पारी की औपचारिक शुरुआत करने से पहले ही डॉनल्ड ट्रंप धमकी भरी घोषणाओं से सनसनी फैलाने लगे हैं। उनकी ताजा घोषणा ब्रिक्स देशों के नाम जारी की गई इस धमकी के रूप में आई है कि अगर इन देशों ने अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने या अंतरराष्ट्रीय मुद्रा के रूप में उसका कोई विकल्प लाने का प्रयास किया तो उन्हें अमेरिकी बाजार से हाथ धोना पड़ सकता है। ध्यान रहे, ब्रिक्स में रूस और चीन जैसे फिलहाल अमेरिका विरोधी माने जाने वाले देश ही नहीं भारत, ब्राजील और साउथ अफ्रीका के साथ ही अब इजिप्ट, ईरान और श्व भी हैं। अक्टूबर सम्मेलन - ट्रंप का यह बयान ब्रिक्स देशों के अक्टूबर में हुए शिखर सम्मेलन का जवाब माना जा रहा है, जिसमें नॉन-डॉलर ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई थी।**

(अशोक उपाध्याय)

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने ब्रिक्स देशों को चेतावनी दी है कि यदि वे अमेरिकी डॉलर का विकल्प तैयार करने का प्रयास करेंगे तो उन्हें अमेरिकी बाजार से बाहर किया जा सकता है। ट्रंप की यह चेतावनी ब्रिक्स देशों के अक्टूबर सम्मेलन के जवाब में है, जिसमें नॉन-डॉलर ट्रांजेक्शन पर चर्चा हुई थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में अपनी दूसरी पारी की औपचारिक शुरुआत करने से पहले ही डॉनल्ड ट्रंप धमकी भरी घोषणाओं से सनसनी फैलाने लगे हैं। उनकी ताजा घोषणा ब्रिक्स देशों के नाम जारी की गई इस धमकी के रूप में आई है कि अगर इन देशों ने अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने या अंतरराष्ट्रीय मुद्रा के रूप में उसका कोई विकल्प लाने का प्रयास किया तो उन्हें अमेरिकी बाजार से हाथ धोना पड़ सकता है। ध्यान रहे, ब्रिक्स में रूस और चीन जैसे फिलहाल अमेरिका विरोधी माने जाने वाले देश ही नहीं भारत, ब्राजील और साउथ अफ्रीका के साथ ही अब इजिप्ट, ईरान और श्व भी हैं। अक्टूबर सम्मेलन - ट्रंप का यह बयान ब्रिक्स



देशों के अक्टूबर में हुए शिखर सम्मेलन का जवाब माना जा रहा है, जिसमें नॉन-डॉलर ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई थी। हालांकि सम्मेलन के आखिर में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन ने साफ कर दिया था कि सिस्टम सोसाइटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंशल टेलिकम्युनिकेशन जैसी वित्तीय संरचना का विकल्प खड़ा करने की दिशा में अब तक ठोस कुछ नहीं किया गया है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि ब्रिक्स को ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए जिससे उसकी छवि ऐसी बने कि वह वैश्विक संस्थानों की जगह लेना चाहता है।

**अमेरिकी दबदबा** - इसके बावजूद अगर ट्रंप इतने आशंकित हैं कि ब्रिक्स देशों से डॉलर का विकल्प खड़ा न करने की गारंटी मांग रहे हैं तो वह अकारण नहीं है। सच यह है कि समय-समय पर कई देशों ने नॉन-डॉलर ट्रांजेक्शन की गुंजाइश तलाशने का प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रयास किया है। खासकर, अमेरिका ने जिस तरह से 2012 में ईरान और 2022 में रूस को स्विफिट से बाहर करके अंतरराष्ट्रीय वित्तीय लेन-देन की इस व्यवस्था पर अपना दबदबा साबित किया, उसके बाद ऐसे प्रयासों की जरूरत ज्यादा महसूस की जाने लगी।

**धमकी का असर** - बड़ा सवाल यह है कि क्या डॉनल्ड ट्रंप की यह धमकी सौदेबाजी के मकसद से दी गई है या वह 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद संभालने के बाद सचमुच इस पर अमल करने वाले हैं। एक्सपर्ट्स की राय इस पर बंटी हुई है, लेकिन इतना तय है कि यह काम ट्रंप के लिए आसान नहीं साबित होने वाला। अगर वह अपनी इस घोषणा को अमली जामा पहनाने पर अड़े रहे तो संभव है कि फायदे के बदले अमेरिकी अर्थव्यवस्था का और नुकसान करा बैठें।

**भारत रहे सतर्क** - जहां तक भारत के रुख का सवाल है तो उसे इस मामले में फूंक-फूंक कर कदम रखना होगा। यह सही है कि डॉलर के बजाय अपनी करेंसी में द्विपक्षीय लेनदेन की गुंजाइश बनाए रखना और जरूरत के मुताबिक उसका इस्तेमाल करना भारत के हक में है, लेकिन भूलना नहीं चाहिए कि डॉलर के दबदबे में कमी प्रकारांतर से अंतरराष्ट्रीय व्यापार में चीन का प्रभाव अप्रत्याशित रूप से बढ़ा सकती है।

## वर्ग पहेली 5572

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| ■ | 10 | | | ■ | | ■ | |
| 11 | | | | ■ | 12 | 13 | ■ |
| 14 | | ■ | ■ | 15 | | | ■ |
| | ■ | 16 | | ■ | 17 | | 18 |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | | ■ | |
| 22 | | ■ | ■ | 23 | | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. यह योरप महाद्वीप में स्थित देश है इसे यूनान भी कहते है (2)
3. उत्तरप्रदेश का यह स्थल चूड़ी बनाने के कारखाने या कांच के उद्योग के कारण प्रसिद्ध है (5)
7. ऐसी घटना जिसमें कोई अपराध हुआ हो (4)
9. इस पहले टाउन कहा जाता था (3)
10. तीन घंटे का समय, याम (3)
11. गतिविधि, दुष्कर्म, संचलन (4)
12. ऐसी ही सही, अच्छा, कोई चिंता नहीं, देखा जाएगा (2)
14. हाथ, कर, बालिस्त, पाणि (2)
15. रवि, दिनकर, दिनपति, दिनकर (2)
16. अंग्रेजों के बारह महिनों में से एक (2)
17. फलित ज्योतिष की बारह राशियों में से एक, घड़ियाल (3)
19. नियुक्त करना, धरना, संग्रह करना (3)
21. लब्ध करना, प्राप्त करना (2)
22. हजरत मुहम्मद की यह छंदोबद्ध स्तुति है (2)
23. पितृपक्ष, श्राद्धपक्ष (4)

**ऊपर से नीचे**
1. गर्दन, शरीर का वह हिस्सा जो सिर व धड़ को जोड़ता है (2)
2. अभिभावक, संरक्षक (5)
3. चालाकी, चालबाजी, धूर्तता, प्रकृति (4)
4. प्राणरक्षा की विनती करना (4)
5. उद्यान, बगीचा, उपवन, वाटिका (2)
6. बांस की चटाई को यह भी कहते है (3)
8. जलाने वाला, दग्धक (3)
11. औचित्य की सीमा लांघना, अति कर देना (5)
13. प्रक्षालक, प्रक्षालनकर्मी (3)
16. घास-फूस को बटकर बनाई गई रस्सी, पुराना, प्राचीन (2)
18. हिफाजत किया हुआ, महफूज, रक्षा किया हुआ, पालित, पोषित (3)
20. पत्र, चिट्ठी (2)
21. पुनीत, पवित्र, निर्दोष, निर्मल (2)

### वर्ग पहेली 5571 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इ | ग्लै | ड | ■ | क | बी | र | ■ |
| त | ■ | र | सि | क | ■ | सा | म |
| जा | ग | ना | ■ | ह | या | त | ■ |
| म | म | ■ | प | रा | ■ | ल | घु |
| क | क | पि | ट | ■ | चा | ■ | ल |
| री | ■ | ता | ना | शा | ह | ■ | न |
| ■ | द | म | ■ | य | ■ | का | शी |
| ग | वा | ह | ■ | द | म | क | ल |

# पंजाब में नशे के पीछे पाक की नापाक चाल

(राहुल महाजन)

पाकिस्तान के तस्कर भारत-पाक सीमा के पास ड्रोन का उपयोग कर मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे हैं। उन्होंने पहले बड़े ड्रोन का इस्तेमाल किया लेकिन अब छोटे ड्रोन से ज्यादा तस्करी कर रहे हैं। बीएसएफ ने कई ड्रोन मार गिराए और बड़ी मात्रा में हेरोइन बरामद की है। 2023 से ज्यादा तस्करी ड्रोन से हो रही है।

पाकिस्तानी तस्कर अब ड्रग्स की तस्करी के लिए छोटे और सस्ते ड्रोन इस्तेमाल कर रहे हैं। बीएसएफ के एंटी-ड्रोन टेक्नोलॉजी से बचने के लिए उन्होंने यह तरीका अपनाया है। पंजाब में भारत-पाक सीमा पर बीएसएफ कई ड्रोन गिरा चुकी है। इसलिए तस्कर अब कम मात्रा में ड्रग्स ले जाने वाले ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे ड्रोन पकड़े जाने पर नुकसान कम होता है। शनिवार को बीएसएप के इंस्पेक्टर जनरल अतुल फुलजेले ने बताया कि पकड़ी गई हेरोइन का लगभग 87 प्रतिशत ड्रोन से तस्करी की जा रही थी। उन्होंने यह भी कहा कि पुराना छुपाकर सामान लाने वाला तरीका अब कम इस्तेमाल हो रहा है।

**पहले करते थे हेक्साकॉप्टर का इस्तेमाल:** पहले पाकिस्तानी तस्कर 4-5 किलो सामान ले जाने वाले हेक्साकॉप्टर इस्तेमाल करते थे। अब वे छोटे ड्रोन इस्तेमाल करते हैं जो लगभग 500 ग्राम हेरोइन ले जा सकते हैं। कम सामान ले जाने की भरपाई के लिए वे अब ज़्यादा बार उड़ाने भरते हैं। बीएसएफ के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल ए.के. विद्यार्थी ने बताया कि इस साल 30 नवंबर तक बीएसएफ ने 254.082 किलो हेरोइन पकड़ी है। इसमें से 215.633 किलो ड्रोन से लाई जा रही थी। पिछले साल बीएसएफ ने 440.597 किलो हेरोइन पकड़ी थी, जिसमें से 278.31 किलो ड्रोन के ज़रिए तस्करी की गई थी।

### अब छोटे ड्रोन का कर रहे इस्तेमाल

इससे पता चलता है कि पाकिस्तानी तस्कर अब पुराने तरीकों की बजाय छोटे ड्रोन से ड्रग्स की तस्करी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीएसएफ ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 269 ड्रोन गिराए हैं। यह बीएसएफ जवानों की एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने यह भी बताया कि बीएसएफ ने पंजाब सीमा पर 3 पाकिस्तानी और अन्य तस्करों को मार गिराया है। साथ ही, 37 अलग-अलग हथियार और 409 राउंड गोला बारूद भी ज़ब्त किया गया है। यह चिंता की बात है कि तस्कर लगातार नए तरीके अपना रहे हैं। ड्रोन छोटे और सस्ते होने के कारण पकड़ना मुश्किल हो रहा है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन मिलाजुला रहेगा। आपको मेहनत अधिक करनी पड़ेगी। सफलता पाने के लिए काम पर ध्यान दें। आलस्य से बचें और छोटी-मोटी टेंशन को अपने ऊपर हावी न होने दें। शाम को परिवार के साथ समय बिताएंगे और आपको खुशी होगी। आपके घर में खुशी का माहौल रहेगा।

### वृष
आज दिन व्यस्त रहेगा। मेहमानों का आना-जाना लगा रहेगा, जिससे काम का बोझ बढ़ सकता है। लेकिन शाम तक अच्छी खबर मिलने की उम्मीद है। कोई अपना मिलने आ सकता है। व्यावसायिक मामलों में सावधानी बरतें, ताकि नुकसान से बचा जा सके।

### मिथुन
आज दिन सफलता से भरा होगा। लाभ के योग हैं। फोन कॉल के जरिए काम से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है। विद्यार्थियों को पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए। व्यापार में नई तकनीक अपनाने से फायदा होगा। इससे उन्हें सफलता मिल सकती है।

### कर्क
आज दिन लाभदायक रहेगा। कहीं से अच्छा प्रस्ताव मिल सकता है। लेकिन जोखिम भरे काम से बचें। पारिवारिक विरोधी फिलहाल शांत रहेंगे। आपके लिए दिन सम्मान से भरा रहेगा। इसका पूरा लाभ उठाएं और नए अवसरों की तलाश करें।

### सिंह
आज करियर में लाभ के योग हैं। दिन अच्छा रहेगा। नए विचारों पर काम करेंगे और उनमें आपको सफलता भी मनचाही मिलेगी। रिश्तेदारों से पुराने गिले-शिकवे दूर होंगे और आपके सुख में वृद्धि होगी। दोस्तों के साथ समय बिताने से फायदा होगा।

### कन्या
आज का दिन व्यस्त रहेगा। सोच-समझकर किए गए काम से फायदा होगा। परिवार का सहयोग मिलेगा। कोई पुरानी चिंता दूर होगी। दूसरों की मदद करने से आपको भी मदद मिलेगी। ईमानदारी से काम करने पर अच्छा फल मिलेगा।

### तुला
आज दिन सफलता भरा रहेगा। कोई शुभ समाचार मिल सकता है। फोन कॉल के जरिए खुशखबरी मिल सकती है। सहकर्मी आपके टीम वर्क से खुश रहेंगे। लेन-देन और व्यापार में सावधानी बरतें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। फिजूलखर्ची से बचें। अपने बजट का ध्यान रखें।

### वृश्चिक
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपको कुछ जरूरी काम करने पड़ सकते हैं। मेहनत अधिक करनी होगी। शाम तक लाभ मिलेगा और नए अवसर प्राप्त होंगे। घूमने-फिरने का मौका मिलेगा। किसी खास व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। कोई चिंता दूर होगी।

### धनु
आज समय अच्छा है। इसका पूरा लाभ उठाएं। ऑफिस में सहकर्मियों से बहस न करें। आपकी कई इच्छाएं पूरी होंगी। घूमने-फिरने से कोई जरूरी काम बन सकता है। किसी प्रतियोगिता में जीत हो सकती है। वित्तीय मामलों में अनुभवी लोगों की सलाह लें।

### मकर
आज किसी बात की चिंता करने की जरूरत नहीं है। अपने काम पर ध्यान दें। व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा। परिवार के साथ खरीदारी करने का मन करेगा। काम की प्राथमिकता तय करें। समय का सही प्रबंधन करें। आपको पैसों के मामले में किसी बाहरी व्यक्ति पर आंख बंद करके भरोसा करने की जरूरत नहीं है।

### कुंभ
आज दिन शुभ है और आपको टीम वर्क से काम करने पर अच्छे परिणाम मिलेंगे। सहकर्मियों के साथ मिलकर काम करें। बातचीत से नए विचार मिल सकते हैं। दोस्तों के लिए उपहार खरीदते समय बजट का ध्यान रखें। बचत करने के बारे में सोचें। अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें।

### मीन
आज दिन मिला-जुला रहेगा। कोशिश करते रहने से रुके हुए काम पूरे होंगे। सतर्क रहकर काम करें। यह संघर्ष का अंतिम दौर हो सकता है। फिजूलखर्ची से बचें, ताकि भविष्य के लिए बचत कर सकें। अपनी आय और व्यय का हिसाब रखें। आपके मान सम्?मान में वृद्धि होगी और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से खुशी होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मथुरा के नंदगांव में यदुवंशी भगवान श्रीकृष्ण को जाट बताने पर बवाल, केस दर्ज

**मथुरा, एजेंसी।** मथुरा जिले के नंदगांव के बाजार और आम घरों की दीवारों पर 'नंदगांव का इतिहास' नाम से जगह-जगह भगवान श्रीकृष्ण की जाति 'जाट' लिखवा देने के बाद बवाल हो गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उप-जिलाधिकारी (एडीएम) के निर्देश पर नगर पंचायत की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक भगवन श्रीकृष्ण को यदुवंशी माना जाता है। किसी ने पिछले दिनों दीवारों पर नंदगांव का इतिहास शीर्षक से जगह-जगह भगवान श्रीकृष्ण को 'जाट जाति से संबंधित बताया है। पुलिस के मुताबिक जगह-जगह नंदगांव का इतिहास शीर्षक से लिखी बातों के अंत में कुंवर सिंह का नाम और एक फोन नंबर दर्ज था। लोगों ने जब उस नंबर पर फोन कर संपर्क करना चाहा तो या तो वह नंबर बंद मिला या फिर घंटी गई तो किसी ने फोन ही नहीं उठाया। एडीएम श्वेता सिंह के निर्देश पर नगर पंचायत के लिपिक रामजीत ने तथाकथित कुंवर सिंह के खिलाफ भगवान श्रीकृष्ण के बारे गलत जानकारी देने तथा लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने को लेकर मंगलवार को एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस कथित आरोपी की तलाश में जुट गई है। बरसाना थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अरविंद कुमार निर्वाल ने बताया कि नगर पंचायत के लिपिक की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा कि अभी उक्त व्यक्ति की पहचान या उसके ठिकाने की कोई जानकारी नहीं मिली है। उसके द्वारा प्रसारित फोन नंबर भी बंद आ रहा है। निर्वाल ने बताया कि दूरसंचार कंपनी से उक्त फोन नंबर के लिए जमा कराए गए दस्तावेजों के आधार पर आरोपी की पहचान करने की कोशिश की जाएगी। एसएचओ ने बताया कि नगर पंचायत ने सभी जगह से टिप्पणी मिटवा दी है।

### तिरुपति मंदिर के पास बन रहा मुमताज होटल, हिंदू संगठनों ने किया विरोध प्रदर्शन

**तिरुपति, एजेंसी।** हिंदू चैतन्य समिति और अन्य हिंदू संगठनों के सदस्यों ने मंगलवार को तिरुपति के श्री वेंकटेश्वर जूलॉजिकल पार्क के पास मुमताज होटल के निर्माण को तुरंत रोके जाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने तातानगर स्थित टाउन डेवलपमेंट अथॉरिटी कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। संगठन के लोग हाथों में तख्तियां पकड़े हुए थे और शंखनाद करते हुए विरोध व्यक्त कर रहे थे। विरोध प्रदर्शन करने वालों में शामिल स्वामी श्रीनिवासनंद ने कहा कि वे तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) बोर्ड के उस निर्णय का स्वागत करते हैं, जिसमें अलिपिरी के पास भूमि को वापस लेने का निर्णय लिया गया है। आपको बता दें कि यहां मुमताज होटल का निर्माण किया जा रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि इस निर्णय के बावजूद, साइट पर निर्माण कार्य जारी था और इसे तुरंत रोका जाना चाहिए। गौरतलब है कि टीटीडी बोर्ड ने 19 नवंबर को एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें राज्य सरकार से अलिपिरी के पास 20 एकड़ भूमि पर होटल निर्माण के लिए दी गई आवंटन रद्द करने की मांग की थी। बोर्ड ने कहा था कि यह भक्तों की भावनाओं को ठेस पहुंचाएगा। 2021 में उस समय की वायएसआरसीपी-नेतृत्व वाली आंध्र प्रदेश सरकार ने तिरुपति में पर्यटन और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए 2020-2025 पर्यटन नीति के तहत बड़े पैमाने पर लग्जरी पर्यटन परियोजना के विकास का प्रस्ताव दिया था। सरकारी आदेश के अनुसार, मुमताज होटल परियोजना में 20 एकड़ में 100 लग्जरी विला शामिल थे, जिसमें 250 करोड़ रुपये की प्रारंभिक निवेश योजना थी।

### शिवसेना यूबीटी अब हिंदुत्व का एजेंडा घर घर ले जाने की तैयारी कर रही

**मुंबई, एजेंसी।** एमवीए यानी महाविकास अघाड़ी में शामिल शिवसेना यूबीटी अब हिंदुत्व का एजेंडा घर घर ले जाने की तैयारी कर रही है। पार्टी ने यह फैसला बृह्ममुंबई महानगर पालिका चुनाव से पहले उठाया है। नवंबर में संपन्न हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में पार्टी महज 20 सीटें ही जीत सकी थी। कहा जा रहा है कि शिवसेना यूबीटी के कई नेता अब एमवीए से अलग होकर चुनाव लड़ने का सुझाव दे रहे हैं। खबर है कि मंगलवार को पार्टी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने पूर्व पार्षदों को बीएमसी चुनावों की तैयारी शुरू करने के लिए कहा है। सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि उद्धव ने पूर्व पार्षदों से भाजपा और महायुति की उस बात का विरोध करने के लिए कहा है, जिसमें दावा किया जाता है कि शिवसेना यूबीटी ने हिंदुत्व विचारधारा छोड़ दी है। अखबार के अनुसार, एक पूर्व पार्षद ने कहा, उन्होंने हमें कहा है कि शिवसेना यूबीटी हमेशा हिंदुत्व के लिए काम कर रही थी और हमेशा करती रहेगी, लेकिन विपक्ष ने गलत बात फैला दी कि हमने हिंदुत्व छोड़ दिया है। उन्होंने हमें हिंदुत्व का एजेंडा लोगों तक ले जाने के लिए कहा है। शिवसेना यूबीटी प्रमुख ने नेताओं से मुंबई की 36 विधानसभाओं में फैले 227 वार्डों में तैयारी शुरू करने के लिए कहा है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा है कि अधिकांश पूर्व पार्षद चाहते हैं कि शिवसेना यूबीटी को बीएमसी चुनावों में किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं होना चाहिए। खबर है कि उद्धव ने पहले उन्हें जमीन पर काम शुरू करने के लिए कहा है। पार्टी ने मुंबई में चुनाव की तैयारियों के लिए विधायकों, नेताओं, सचिवों और संयोजकों को भी नियुक्त कर दिया है। शिवसेना के एक पदाधिकारी का कहना है कि निकाय चुनावों के लिए 18 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है।

# पश्चिम बंगाल विधानसभा में ध्वनिमत से पारित किया गया वक्फ बिल वापसी का प्रस्ताव



**कोलकाता, एजेंसी।** वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 को संसद से वापस लेने का आग्रह करने संबंधी एक प्रस्ताव मंगलवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा में ध्वनिमत से पारित कर दिया गया, जबकि भाजपा विधायकों ने इसका विरोध करते हुए बहिर्गमन किया। मंत्री शोभनदेब चट्टोपाध्याय द्वारा पेश प्रस्ताव में दावा किया गया कि यदि यह विधेयक पारित हो जाता है तो इससे देश में वक्फ प्रशासन प्रभावित होगा और इसलिए मौजूदा कानून में इस तरह का कोई भी बड़ा बदलाव करने से पहले अत्यधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान भाजपा सदस्यों ने विधानसभा से वाकआउट किया। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि यह प्रस्ताव सदन के कीमती समय की बर्बादी है, क्योंकि वक्फ (संशोधन) विधेयक की जांच के लिए एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन किया गया है और इसका कार्यकाल हाल ही में 2025 में संसद के बजट सत्र के अंतिम दिन तक बढ़ा दिया गया है।

अधिकारी ने दावा किया कि जेपीसी, जिसमें तृणमूल कांग्रेस के दो सांसद सहित अन्य विपक्षी सांसद भी शामिल हैं, द्वारा अपनी रिपोर्ट सौंपे जाने तक विधेयक पर कुछ भी टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। भाजपा विधायक ने दावा किया कि यह प्रस्ताव वोट बैंक की राजनीति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लाया गया है। प्रस्ताव के समर्थन में, चट्टोपाध्याय ने कहा कि विधेयक में केंद्रीय वक्फ परिषद और विभिन्न राज्य वक्फ बोर्ड की संरचना को संशोधित करने का प्रावधान है, जिससे मुस्लिम प्रतिनिधित्व काफी कम हो जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार ने ''राज्य सरकारों और अन्य हितधारकों के साथ किसी भी परामर्श के बिना कानून बनाने की दिशा में कदम उठाया है।'' भाजपा नेता ने यह भी दावा किया कि मुसलमानों के अधिकारों में कोई हस्तक्षेप नहीं किया गया है और केंद्र उनके लाभ के लिए वक्फ संपत्तियों का डिजिटलीकरण करना चाहता है।

सोमवार को प्रस्ताव पर दो दिवसीय चर्चा में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधेयक को लेकर भाजपा के नीत केंद्र सरकार की आलोचना की थी और उस पर मुसलमानों को निशाना बनाने का आरोप लगाया था। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने केंद्र पर मुसलमानों को निशाना बनाकर ''विभाजनकारी एजेंडा'' चलाने का आरोप लगाया था और सवाल किया था कि क्या भाजपा संसद में विधेयक पारित कर पाएगी क्योंकि उसके पास ''दो-तिहाई बहुमत नहीं है।

मंगलवार को, नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी द्वारा सदन में प्रस्ताव का विरोध किये जाने के बाद भाजपा विधायकों ने बहिर्गमन किया। बाद में मंत्री शोभनदेव चटोपाध्याय द्वारा जवाब दिये जाने के बाद ध्वनि मत से प्रस्ताव को पारित कर दिया गया। लोकसभा ने 28 नवंबर को वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति का कार्यकाल अगले साल बजट सत्र के आखिरी दिन तक के लिए बढ़ाने को मंजूरी दी थी। समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने वक्फ (संशोधन) विधेयक संबंधी संसद की संयुक्त समिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का समय बजट सत्र, 2025 के आखिरी दिन तक बढ़ाने का प्रस्ताव सदन में पेश किया, जिसे ध्वनिमत से स्वीकृति प्रदान की गई थी।

सरकार ने वक्फ बोर्ड को नियंत्रित करने वाले कानून में संशोधन से संबंधित विधेयक गत आठ अगस्त को लोकसभा में पेश किया था जिसे सत्तापक्ष एवं विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक एवं चर्चा के बाद संयुक्त समिति को भेजने का फैसला किया गया था। इस विधेयक में वर्तमान अधिनियम में दूरगामी बदलावों का प्रस्ताव किया गया है, जिनमें वक्फ बोर्ड में मुस्लिम महिलाओं और गैर मुसलमानों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना भी शामिल है। वक्फ (संशोधन) विधेयक में वक्फ अधिनियम, 1995 का नाम बदलकर 'एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम, 1995' करने का भी प्रावधान है।

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दिल्ली के गंभीर वायु प्रदूषण पर चिंता जताई

**मुंबई, एजेंसी।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को दिल्ली के गंभीर वायु प्रदूषण पर चिंता जताई।



उन्होंने कहा कि हर बार राजधानी में आने से पहले वह सोचते हैं कि यहां आना चाहिए या नहीं। गडकरी ने कहा, अगर मैं दो दिन दिल्ली में रहता हूं तो मुझे संक्रमण हो जाता है। हर बार दिल्ली आते हुए लगता है कि जाना चाहिए या नहीं। इतना भयंकर प्रदूषण है। गडकरी ने यह बयान ऊर्जा संक्रमण और टिकाऊ सड़क परिवहन पर आयोजित एक कार्यक्रम में दिया। उन्होंने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि दिल्ली का गंभीर वायु प्रदूषण यहां के लोगों के जीवन को बुरी तरह प्रभावित करता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदूषण के प्रति जागरूकता की कमी अभी भी बनी हुई है। उन्होंने गांवों से दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता जैसे बड़े शहरों की ओर हो रहे बड़े पैमाने पर पलायन को कई समस्याओं का कारण बताया। गडकरी ने कहा, दिल्ली में कई जगह पानी बहता दिखता है, लेकिन वह केवल सीवेज का पानी है।

**प्रदूषण कम करने के सुझाव :** गडकरी ने कहा कि वायु प्रदूषण को कम करने का सबसे अच्छा तरीका जीवाश्म ईंधन (फॉसिल फ्यूल) के उपयोग को घटाना और बायो-सीएनजी और अन्य वैकल्पिक ईंधनों को अपनाना है।

**कूड़े के ढेर पर भी बिफरे :** गडकरी ने दिल्ली के चार पुराने लैंडफिल साइट्स को पर्यटक स्थल करार देते हुए कहा कि यह स्थिति शहर के लिए शर्मनाक है। उन्होंने कहा, पिछले चार वर्षों में इन स्थलों के प्रोसेस्ड मटीरियल का उपयोग राजमार्ग परियोजनाओं में करने की कोशिश की, लेकिन संबंधित एजेंसियों ने कई मुद्दे उठाए जिनमें कचरे का पृथक्करण (सेग्रेगेशन) भी शामिल है। गडकरी ने जानकारी दी कि अब तक इन कचरा स्थलों से 80 लाख टन प्रोसेस्ड मटीरियल का उपयोग राजमार्ग परियोजनाओं में किया जा चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि सोमवार को उन्होंने दिल्ली नगर निगम आयुक्त और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की थी। एमसीडी ने कचरे के पृथक्करण और प्रोसेसिंग के लिए निविदाएं (बिड्स) जारी की हैं। नितिन गडकरी के इस बयान ने दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण और कचरा प्रबंधन की विफलताओं की ओर ध्यान आकर्षित किया है।

## पंजाब में सरकारी नौकरियां मिलने से बागों-बाग हुए युवा, घटा विदेश जाने का रुझान

**जालंधर, एजेंसी।** पंजाब सरकार ने प्रदेश के युवाओं के लिए सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता और निष्पक्षता को सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। अब युवाओं को बिना किसी रिश्वत या सिफारिश के सरकारी नौकरियों में स्थान मिल रहा है, जिससे राज्य के युवाओं में खुशी का माहौल है। इसके साथ ही पंजाब के युवाओं में विदेश जाने का रुझान भी घटता हुआ दिखाई दे रहा है। पंजाब सरकार ने सरकार की नौकरियों में पारदर्शिता सुनिश्चित की है, जिससे अब युवाओं को बिना किसी पक्षपाती प्रभाव के नौकरी मिल रही है। इसके परिणामस्वरूप पंजाब के युवा इस बदलाव को लेकर बेहद खुश हैं और पंजाब सरकार का धन्यवाद कर रहे हैं। यह कदम राज्य के युवाओं के लिए आत्मनिर्भर बनने का एक बड़ा अवसर लेकर आया है, जो पहले नौकरी पाने के लिए सिफारिश या रिश्वत का सहारा लेते थे। अब वे पूरी तरह से योग्यता और पारदर्शिता के आधार पर नौकरी पा रहे हैं। पंजाब में बढ़ती सरकारी नौकरियों के कारण अब अधिक युवा विदेश जाने की बजाय अपने ही राज्य में स्थिर जीवन की ओर रुख कर रहे हैं। पहले पंजाब के युवा विदेशों में नौकरी करने के लिए कर्ज लेकर या अन्य कारणों से जाते थे। अब वे अपनी मेहनत और सरकारी नौकरियों के माध्यम से राज्य में ही बेहतर जीवन बनाने की ओर अग्रसर हैं।

## मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की पत्नी से जुड़े भूखंड मामले में अनियमितता के सबूत मिले, ईडी का दावा

**नई दिल्ली/बेंगलुरु, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को मैसुरु शहर विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) द्वारा कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की पत्नी बीएम पार्वती को 14 भूखंडों आवंटित करने के मामले में कई अनियमितताओं के सबूत मिले हैं। केंद्रीय एजेंसी ने यह जानकारी दी। संघीय एजेंसी ने हाल में कर्नाटक लोकायुक्त विभाग को भेजे गए एक पत्र में यह भी दावा किया कि उसकी जांच में यह भी पता चला है कि एमयूडीए ने बेनामी और अन्य ऐसे लेनदेन में कुल 1,095 भूखंडों को अवैध रूप से आवंटित किया है।

राजनीतिक रूप से संवेदनशील मामले में प्रवर्तन निदेशालय की धन शोधन जांच के दौरान पार्वती को भूमि आवंटन में वैधानिक दिशा-निर्देशों के उल्लंघन व साक्ष्यों से छेड़छाड़, कार्यालय प्रक्रियाओं का उल्लंघन, अनुचित पक्षपात और प्रभाव का उपयोग और हस्ताक्षरों में जालसाजी के सबूत मिले हैं। एजेंसी ने यह भी दावा किया है कि उसे इस बात के सबूत मिले हैं कि सिद्धरमैया के निजी सहायकों में से एक एस. जी. दिनेश कुमार उर्फ सीटी कुमार ने इस प्रक्रिया में अनुचित प्रभाव डाला था। आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पार्वती मामले के साथ ही एमयूडीए में कथित अवैध गतिविधियां समाप्त नहीं हुईं, बल्कि कुल 1,095 भूखंड अवैध रूप से आवंटित किए गए हैं जिनका बाजार मूल्य 700 करोड़ रुपये है। ईडी की जांच में पाया गया, अधिकांश आवंटन भूमि गंवाने वालों की आड़ में बेनामी या फर्जी व्यक्तियों के नाम पर किए गए हैं। इन अवैध आवंटनों के लाभार्थी रियल एस्टेट व्यवसायी और प्रभावशाली व्यक्ति हैं।

**सिद्धारमैया, पत्नी, साले भी जांच के घेरे में :** ईडी सिद्धरमैया, पार्वती, मुख्यमंत्री के साले मल्लिकार्जुन स्वामी, देवराजू व अन्य के खिलाफ धनशोधन की जांच कर रही है। देवराजू वह शख्स है जिससे



मल्लिकार्जुन ने जमीन खरीदकर पार्वती को उपहार में दी थी। ईडी कर्नाटक लोकायुक्त पुलिस की प्राथमिकी पर संज्ञान लेकर जांच कर रही है। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हाल में भेजे गए पत्र में लोकायुक्त को सूचित किया है कि यह स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि वैधानिक दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हुए पार्वती को अवैध रूप से 14 भूखंड आवंटित किए गए। ईडी ने कहा कि जब पार्वती को ये भूखंड आवंटित किए गए थे तब उनके बेटे यतीन्द्र वरुणा निर्वाचन क्षेत्र के विधायक थे और इसलिए एमयूडीए बोर्ड के सदस्य थे। सिद्धरमैया तब विपक्ष के नेता थे। ईडी ने दावा किया है कि जांच में पाया गया कि मुख्यमंत्री के निजी सहायक एसजी दिनेश कुमार उर्फ सीटी कुमार ने एमयूडीए के कार्यालय में अनुचित प्रभाव डाला। ईडी ने पाया कि उन्होंने जाली हस्ताक्षर भी किए और पार्वती को भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया को प्रभावित किया। केंद्रीय एंजेंसी ने कहा कि उक्त भूखंडों को गलत तथ्यों और प्रभाव के आधार पर अवैध रूप से गैर-अधिसूचित किया गया था और बाद में भूमि को मल्लिकार्जुन स्वामी ने कृषि भूमि के रूप में खरीदा था जबकि भूमि पर एमयूडीए पहले ही कुछ निर्माण करा चुका था और देवराजू द्वारा स्वामी को भूमि बेचने से पहले ही जमीन आवंटित की गई थी। एजेंसी ने कहा कि हर्जाने के तौर पर भूखंडों का आवंटन करने के लिए वैधानिक नियमों का उल्लंघन (पार्वती से जुड़ी) एक बार की घटना नहीं थी, बल्कि इसमें रियल स्टेट कारोबारियों, प्रभावशाली व्यक्तियों और एमयूडीए के अधिकारियों की बीच गहरा गठजोड़ है। इस मामले में मुख्यमंत्री से लोकायुक्त पूछताछ कर चुका है। सिद्धरमैया ने कहा है कि उन्होंने और उनके परिवार ने कुछ भी गलत नहीं किया है।

## सुक्खू सरकार 11 दिसंबर को करेगी तीन गारंटियों की शुरुआत, सत्ता में आने के दो साल का मनाएगी जश्न

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सुक्खू सरकार सत्ता में आने के दो साल पूरे होने पर 11 दिसंबर को बिलासपुर में एक भव्य समारोह आयोजित करेगी। इस मौके पर सुक्खू सरकार तीन गारंटियों की शुरूआत करेगी। यह तीन गारंटियां युवाओं, बेरोजगारों, किसानों और महिलाओं के हित में होंगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में मंगलवार को शिमला में आयोजित कांग्रेस विधायक दल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और अन्य वरिष्ठ नेता इस बैठक में शामिल हुए। यह बैठक प्रदेश में कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के दो साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित की गई। इस दौरान पार्टी ने अपने दो वर्षों की उपलब्धियों को लेकर बिलासपुर में 11 दिसम्बर को होने वाले समारोह की तैयारियों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि दो साल में कांग्रेस सरकार ने कर्मचारियों, पेंशनरों, किसान-बागवानों, महिलाओं और युवाओं के हित में कार्य किया है। ओपीएस बहाली, महिलाओं



को 1500 रुपए सम्मान निधि, बेरोजगारों को 20 हजार नौकरियां और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई है। उन्होंने कहा कि समारोह वाले दिन युवाओं के लिए 680 करोड़ की राजीव गांधी ई-टैक्सी योजना, इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना और गाय के गोबर की खरीद की योजना को बिलासपुर से लांच किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुक्खू ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा झूठ पर झूठ पर बोले जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने पांच साल के कार्यकाल में धरातल पर एक भी काम नहीं किया। भाजपा ने कांग्रेस सरकार को भ्रष्टाचार और पेपर लीक दहेज में दिया, जिस पर सरकार ने नकेल कसी है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की कारगुजारियों को बिलासपुर में होने वाले समारोह में जनता के बीच साझा किया जाएगा। कांग्रेस ने 2022 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता को 10 गारंटियां दीं थीं। सरकार का दावा है कि दो साल के कार्यकाल में 10 में से पांच गारंटियों को पूरा कर दिया गया है। इनमें सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना, महिलाओं के लिए 1500 मासिक सम्मान निधि, युवाओं के लिए स्टार्टअप योजना, सरकारी स्कूल में अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई और दूध के न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करना शामिल हैं।

## सुधर नहीं हो रही मजदूरों की दुर्दशा, 10 वर्षों में ओडिशा के 400 से अधिक कामगारों की मौत

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा से दूसरे राज्यों में काम करने गए 400 से अधिक प्रवासी मजदूरों की पिछले 10 वर्षों में मौत हो चुकी है। यह जानकारी मंगलवार को ओडिशा विधानसभा में दी गई। बीजेपी विधायक टंका धर त्रिपाठी के सवाल के जवाब में राज्य के श्रम एवं कर्मचारी राज्य बीमा मंत्री गणेश राम सिंघकुटिया ने बताया कि 2015 से 2024 के बीच देश के विभिन्न हिस्सों में 403 प्रवासी मजदूरों की मौत हुई है।

मंत्री ने बताया कि इनमें सबसे अधिक मौतें गंजाम जिले के 59 मजदूरों की हुई। इसके बाद कालाहांडी के 39,और प्रवास-प्रवण जिले बोलांगीर के 35 मजदूरों की मृत्यु हुई। अन्य जिलों में कंधमाल से 32, रायगड़ा से 28, बौध और नुआपाड़ा से 18-18, खोरधा से 17 और नबरंगपुर से 16 मौतें दर्ज की गईं। हालांकि जवाब में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि इन मौतों के पीछे प्राकृतिक कारण थे या अप्राकृतिक। पंचायती राज मंत्री रबी नायक ने कहा कि राज्य के लगभग 1.5 करोड़ प्रवासी मजदूर ग्रामीण इलाकों से बाहर काम करने जा रहे हैं। 2020 में कोविड लॉकडाउन के दौरान राज्य में वापस लौटे प्रवासी मजदूरों के रजिस्ट्रेशन से पता चला कि गंजाम और बोलांगीर जिलों में अकेले 3.5 लाख से अधिक प्रवासी मजदूर थे। हालांकि आधार कार्ड की कमी के कारण कई मजदूरों का रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया।

**प्रवासी मजदूरों की समस्याएं :** अधिकतर



प्रवासी मजदूर आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, दिल्ली और गुजरात में ईंट भट्टों, होटल और निर्माण स्थलों पर काम करते हैं। ये मजदूर अक्सर खराब कामकाजी परिस्थितियों और खराब प्रबंधन से परेशान रहते हैं। मुख्य सचिव मनोज आहूजा की अध्यक्षता में हाल ही में हुई बैठक में प्रवासियों के लिए सटीक हस्तक्षेप की आवश्यकता पर जोर दिया गया। मनरेगा के तहत कार्यों को प्रवासी मजदूरों की मांग और समयानुसार उपलब्ध कराने की योजना है। कृषि और संबंधित क्षेत्रों में सब्सिडी आधारित योजनाओं को आसान बनाने के लिए ब्याज मुक्त ऋण की गारंटी की बात कही गई।

## दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे गायत्री प्रजापति बलरामपुर अस्पताल में भर्ती

**लखनऊ, एजेंसी।** दुष्कर्म के मामले में उम्र कैद की सजा काट रहे पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति की सेहत बिगड़ने पर उन्हें बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया. यहां वह प्राइवेट वार्ड में भर्ती हैं. सजायाफ्ता को प्राइवेट वार्ड देने को लेकर अस्पताल प्रशासन चुप्पी साधे हुए है. इसको लेकर मंगलवार को सारा दिन सोशल मीडिया पर अस्पताल प्रशासन की किरकिरी होती रही. गायत्री प्रजापति को दुष्कर्म के मामले में कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. वह कई साल से जिला कारागार में बंद थे. बीते सप्ताह बीपी-शुगर व चक्कर आने की शिकायत पर जेल से उसे बलरामपुर अस्पताल भेजा गया था. अस्पताल पर राजनैतिक दबाव होने की वजह से उसे प्राइवेट वार्ड आवंटित कर दिया गया. न्यू प्राइवेट वार्ड के कमरा नंबर 15 में वह भर्ती हैं. अस्पताल के फिजिशियन डॉ. विष्णु समेत अन्य डॉक्टरों की टीम उसके इलाज में लगी है. कैदी को प्राइवेट वार्ड में भर्ती रखने को लेकर अस्पताल की किरकिरी हो रही है. वहीं, अस्पताल प्रशासन राजनह्रतिक दबाव होने की वजह से कुछ भी बोलने को राजी नहीं है. कुछ दिनों पहले गायत्री प्रजापति



केजीएमयू में भी प्राइवेट वार्ड में भर्ती होकर इलाज कराया था.

**केजीएमयू में मानसिक दिव्यांग मरीजों को मिलेगी पुनर्वास की सुविधा :** लखनऊ- किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में मानसिक रूप से दिव्यांग मरीजों को इलाज के साथ पुनर्वास की सुविधा भी मिलेगी. इसकी कवायद लगभग पूरी कर ली गई है. यह जानकारी केजीएमयू मानसिक स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. विवेक अग्रवाल ने दी. वह मंगलवार को दिव्यांग दिवस पर मानसिक स्वास्थ्य विभाग में जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. डॉ. विवेक अग्रवाल ने कहा कि मानसिक रोगियों के ठीक होने के बाद उन्हें पुनर्वास की जरूरत होती है. अभी तक विभाग में कोई विशेषज्ञ मौजूद नहीं था. हाल ही में विशेषज्ञ ने नौकरी ज्वाइव की है. इससे मरीजों को इलाज संग पुनर्वास की सुविधा मुहैया कराने में मदद मिलेगी. डॉ. आदर्श त्रिपाठी ने बताया कि मानसिक रोगियों को किसी से कमतर न आंके. उनका मजाक न उड़ाएं. उन्हें बराबरी का मौका दें. समय पर मानसिक रोगियों का इलाज कराएं. समय पर इलाज से मरीज एकदम ठीक हो सकता है. उसके बाद मरीज के पुनर्वास के प्रति विचार करना चाहिए. कई बार देखने में आता है कि बीमारी ठीक होने के बावजूद समाज के कुछ लोग उसे स्वीकार नहीं करते हैं. इससे बचें. दिव्यांग मरीजों के प्रति व्यव्हार ठीक रखें- कार्यक्रम में मौजूद रंगकर्मी अनिल रस्तोगी ने कहा कि दिव्यांग मरीजों के प्रति सभी का व्यवहार ठीक होना चाहिए. इससे मरीज के साथ उसके परिवारीजनों का मनोबल बढ़ता है. समाज के सभी लोग मानसिक रोगियों के प्रति विशेष सजग रहें. उन्हें समाज से अलग-थलग न करें. उन्होंने कहाकि दिव्यांगजनों के लिए तमाम सरकारी योजनाएं चल रही हैं. उनका इलाज जरूरतमंदों को मुहैया कराने में मदद करें.

# रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत रच सकता है इतिहास



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम एक बार फिर से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलने के काफी करीब पहुंच चुकी है। हालांकि अभी उसकी जगह पक्की नहीं हुई है, लेकिन संभावनाएं काफी ज्यादा दिख रही हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने घर पर तीन टेस्ट लगातार हारने के बाद ये संभावनाएं थोड़ी सी धूमिल हुई थीं, लेकिन अब जबकि ऑस्ट्रेलिया में भारतीय टीम ने पहला ही टेस्ट जीत लिया है तो फिर मौका दिखना शुरू हो गया है।

इस बीच अगर टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टेस्ट में भी हरा देती है तो डब्ल्यूटीसी के फाइनल के और करीब तो पहुंच ही जाएगी, साथ ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में विदेशी धरती पर सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीम भी बन जाएगी। जो काम आज तक कोई भी टीम नहीं कर सकी है। डब्ल्यूटीसी में विदेशी जमीन पर सबसे ज्याद मैच जीतने वाली टीमें हैं भारत और इंग्लैंड

भारतीय टीम को विश्व टेस्ट चैंपिय?नशिप की इस साइकल में अभी चार और मुकाबले खेलने हैं। ये सभी मैच ऑस्ट्रेलिया से इसी सीरीज में होने हैं। इसलिए भी भारतीय टीम के लिए ये सीरीज काफी ज्यादा अहम हो जाती है। इस बीच भारतीय टीम अब तक ?विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में विदेशी जमीन पर 12 मैच जीत चुकी है। अगला मैच भी अगर टीम जीतने में कामयाब होती है तो ये उसकी विदेशी जमीन पर 13वीं जीत होगी। भारत ने साल 2019 से लेकर अब तक विदेशी जमीन पर 25 टेस्ट मुकाबले खेले हैं और इसमें से 12 जीतने में भी कामयाब रही है। अभी इंग्लैंड की टीम भी भारत की बराबरी पर चल रही है।

### इंग्लैंड क्रिकेट टीम भी भारत की बराबरी पर

बात अगर इंग्लैंड की करें तो उसने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में अब तक 30 मैच विदेशी सरजमीं पर खेले हैं, इसमें से 12 मैच जीते हैं। यानी भारत और इंग्लैंड की टीमें इस वक्त बराबरी पर हैं। लेकिन एक मैच जीतते ही भारतीय टीम पहले नंबर पर पहुंच जाएगी और इतिहास भी रच देगी। इंग्लैंड की टीम भले ही अब विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की रेस से बाहर हो गई हो, लेकिन उसे अभी इसी साइकल में कुछ और मुकाबले खेलने हैं। यानी ये उठापटक इन दोनों टीमों के बीच चलती रहेगी। भारत के लिए जरूरी है कि टीम अपने बचे हुए सारे मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीते, ताकि सबसे ज्यादा मैच विदेशी जमीन पर जीतने वाली टीम बनी रहे, साथ ही बिना किसी झंझट के उसकी जगह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी बन जाए।

### ऑस्ट्रेलिया ने विदेशी जमीन पर जीते हैं कुल 10 टेस्ट मुकाबले

ऑस्ट्रेलिया की बात करें तो इस वक्त तीसरे नंबर पर है। ऑस्ट्रेलिया ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में अब तक 22 मैच विदेशी जमीन पर खेले हैं और उसे 10 में जीत मिली है। अभी जो सीरीज भारत के खिलाफ खेली जा रही है, उसमें अगर कोई मैच टीम जीत भी जाती है तो भी उसकी सेहत पर कुछ असर नहीं होगा, क्योंकि यहां हम विदेशी जमीन पर टेस्ट मुकाबले जीतने की बात कर रहे हैं। लेकिन ऑस्ट्रेलियाई टीम इस वक्त अपने घर पर खेल रही है। देखना होगा कि रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया अगले ही मैच को जीतकर ये रिकॉर्ड बनाती है या फिर उसे थोड़ा सा इंतजार करना पड़ता है।

## भारतीय महिला टीम के सामने ऑस्ट्रेलिया को उसके गढ़ में हराने की कड़ी चुनौती



**ब्रिसबेन, एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया की पुरूष टीमों के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी को लेकर बनी हाइप के बीच दोनों देशों की महिला क्रिकेट टीमें बृहस्पतिवार से यहां एलेन बॉर्डर फील्ड पर तीन मैचों की वनडे श्रृंखला खेलेगी तो हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम की नजरें ऑस्ट्रेलिया में अपना रिकॉर्ड दुरूस्त करके अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों का आगाज करने पर होंगी।

अक्टूबर में टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने में विफल रही भारतीय टीम ने पिछले महीने न्यूजीलैंड को घरेलू वनडे श्रृंखला में 2-1 से हराया। ऑस्ट्रेलिया की चुनौती हालांकि भारत के लिये हमेशा कठिन रही है जिसने यहां अब तक सोलह वनडे में से चार ही जीते हैं। पिछली बार 2021 में यहां तीन मैचों की श्रृंखला में आस्ट्रेलिया ने भारत को 2-1 से हराया था।

वहीं पिछले करीब 9 महीने से इस प्रारूप में नहीं खेली गत चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया की नजरें अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप से पहले खुद को आजमाने पर लगी होंगी। भारत की उम्मीदों का दारोमदार हालांकि अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना पर रहेगाा जिन्होंने पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ निर्णायक वनडे में शतक जमाकर भारत को जीत दिलाई। उन पर इस लय को कायम रखते हुए भारत को ठोस शुरुआत देने की जिम्मेदारी रहेगी। उन्होंने पिछले छह वनडे में सत्तर से ऊपर की औसत से 448 रन बनाए हैं। दूसरी ओर आस्ट्रेलिया को कप्तान एलिसा हीली की कमी खलेगी जो घुटने की चोट के कारण बाहर हैं। यह श्रृंखला आईसीसी महिला चैम्पियनशिप का हिस्सा है जिसमें आस्ट्रेलिया फिलहाल 18 में से 13 वनडे जीतकर पहले स्थान पर है। इस चैम्पियनशिप से मेजबान भारत के अलावा पांच टीमों को अगले साल होने वाले विश्व कप में स्वतः जगह मिलेगी। हीली की जगह क्वींसलैंड और सिडनी थंडर्स की बल्लेबाज जॉर्जिया वोल को पदार्पण का मौका दिया गया है। हरफनमौला ताहलिया मैकग्रा टीम की कमान संभालेंगी जिनके प्रदर्शन पर बहुत कुछ निभर करेगा।

मैकग्रा ने कहा, 'भारतीय टीम में कई बड़े खिलाड़ी है। उनके खिलाफ हर मुकाबला कड़ी टक्कर वाला होता है। मैच में कई अहम क्षण होते हैं। हमारे घरेलू मैचों में भी भारतीय टीम को दर्शकों का काफी समर्थन मिलता है। भारतीय टीम को विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया की कमी खलेगी जो महिला बिग बैश लीग के दौरान मेलबर्न स्टार्स के लिये खेलते हुए कलाई की चोट का शिकार हो गई। उनकी जगह टीम में शामिल की गई युवा विकेटकीपर उमा छेत्री अपनी पहली वनडे श्रृंखला में छाप छोड़ना चाहेंगी।

वहीं खराब फॉर्म से जूझ रही शेफाली वर्मा को टीम में जगह नहीं मिल सकी है जिन्होंने अक्टूबर में यूएई में हुए टी टवेंटी विश्व कप में चार पारियों में सिर्फ 97 रन बनाए। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ अहमदाबाद में खेले गए तीन मैचों में भी वह 33, 11, 12 रन ही बना सकी। कप्तान हरमनप्रीत कौर का फॉर्म भी चर्चा का विषय रहा जो आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली वनडे श्रृंखला में तीनों मैचों में दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच सकी थी। उनकी कप्तानी और बल्लेबाजी को लेकर उठने वाले सवालों का जवाब देने का उनके पास यह सुनहरा मौका है। विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष की टीम में वापसी हुई है जो परीक्षा के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ नहीं खेल सकी थी। वहीं हरलीन देयोल, टिटास साधू और मिन्नू मनी ने भी टीम में वापसी की है। अनुभवी गेंदबाज पूजा वस्त्राकर को न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला से बाहर रहने के बाद वापसी का मौका नहीं मिला है। भारत के लिए दीप्ति शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला में 3.6 की इकॉनॉमी रेट से गेंदबाजी की और वह इस प्रदर्शन को जारी रखना चाहेंगी।



## बल्लेबाजी क्रम में बदलाव पर बोले केएल राहुल

**एडिलेड, एजेंसी।** भारत के अनुभवी बल्लेबाज लोकेश राहुल ने बुधवार को कहा कि उन्होंने बल्लेबाजी क्रम में लगातार बदलाव की 'मानसिक चुनौती पर काबू पा लिया है और वह टीम के लिए किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी करने को तैयार हैं। राहुल ने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया था और नियमित कप्तान रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में पारी का आगाज करते हुए 26 और 77 रन बनाए थे।

रोहित की टीम में वापसी के बाद शुक्रवार से शुरू हो रहे दिन-रात्रि टेस्ट को लेकर राहुल से जब बल्लेबाजी क्रम के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'कुछ भी (पारी का आगाज करना या मध्य क्रम) हो सकता है। इस 32 साल के बल्लेबाज ने यहां भारत के अभ्यास सत्र से पहले कहा, 'मैं सिर्फ अंतिम एकादश में रहना चाहता हूं, जिसका मतलब है कि जहां भी मौका मिले वहां टीम के लिए बल्लेबाजी करने के लिए तैयार रहूं। राहुल ने ऑस्ट्रेलिया में अपना टेस्ट करियर ठीक एक दशक पहले मध्यक्रम बल्लेबाज के रूप में शुरू किया था। उन्होंने बाद में हालांकि सलामी बल्लेबाज की भूमिका भी निभाई। इस बीच टेस्ट और वनडे दोनों में उनका बल्लेबाजी क्रम लगातार बदलता रहा और इसने उन्हें मानसिक तौर पर प्रभावित भी किया।

झअपने 54 टेस्ट मैचों के करियर में 3000 से अधिक रन बनाने वाले इस बल्लेबाज ने कहा, 'मैंने कई स्थानों पर बल्लेबाजी की है। पहले यह थोड़ा चुनौतीपूर्ण था। यह चुनौती तकनीकी रूप से नहीं, बल्कि मानसिक रूप से थी कि शुरुआती 20-25 गेंदों को कैसे सामना करना है। उन्होंने कहा, '' मैं कितनी जल्दी आक्रामक रूख अपना सकता हूं? मुझे कितना सतर्क रहने की जरूरत है?

ये ऐसी चीजें थी जो शुरू में मुझे परेशान करती थी। राहुल ने टेस्ट में आठ शतक जड़े है जिसमें से दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड में दो-दो शतक के अलावा उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में भी एक शतकीय पारी है। इस कलात्मक बल्लेबाज ने कहा, 'अब मुझे टेस्ट और वनडे में बल्लेबाजी क्रम में लगभग सभी जगहों पर खेलने का अनुभव है। इससे मुझे अंदाजा हो गया है कि मैं अपनी पारी को कैसे आगे बढ़ा सकता हूं। उन्होंने कहा कि टेस्ट मैचों को लेकर उनके दिमाग में चीजें स्पष्ट हैं।

## पाकिस्तान से टी-20 सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका की टीम का ऐलान, कप्तान मार्कराम समेत 5 खिलाड़ी बाहर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका की टीम का ऐलान हो गया है। विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन को 3 मैचों की टी20 सीरीज में साउथ अफ्रीका की कप्तानी करेंगे। इस सीरीज में एडेन मार्करम की अनुपस्थिति में यह फैसला लिया गया है। वह श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में व्यस्त हैं।

श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज और पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के बीच कम समय के कारण मार्को यानसेन, केशव महाराज, कगिसो रबाडा और ट्रिस्टन स्टब्स जैसे खिलाड़ी भी टी20 सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। हालांकि, 17 दिसंबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए खिलाड़ियों की वापसी होगी। श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट टीम का हिस्सा रहे रयान रिकेल्टन, क्वेना मफाका और मैथ्यू ब्रीट्जके को श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के बाद टी20 टीम में चुना गया है। इस बीच, एनरिक नॉर्खिया और तबरेज शम्सी भी टीम में वापस आ गए हैं।

उन्होंने इस साल जून में आईसीसी टी20 विश्व कप के बाद से देश के लिए कोई मैच नहीं खेला है। जॉर्ज लिंडे को भी सीएसए टी20 चैलेंज में उनके प्रभावशाली सीजन के बाद टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने आखिरी बार जुलाई 2021 में टी20 में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया था।

हेनरिक क्लासेन (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, मैथ्यू ब्रीट्जके, डोनोवन फरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, पैट्रिक क्रुगर, जॉर्ज लिंडे, क्वेना मफाका, डेविड मिलर, एनरिक नॉर्टजे, नकाबा पीटर, रयान रिकेलटन, तबरेज शम्सी, एंडिले सिमलेन और रासी वान डेर डुसेन।

तीन टी-20 मैच क्रमशः 10, 13 और 14 दिसंबर को डरबन, सेंचुरियन और जोहान्सबर्ग में खेले जाएंगे। पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने दौरे के लिए अपने स्क्वाड का ऐलान कर दिया।

## केविन पीटरसन की पृथ्वी को सलाह

## सोशल मीडिया से दूर रहें, मेहनत करें



**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन ने पृथ्वी साव की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें अपनी ऊर्जा फिट होने में लगानी चाहिए और अगर उन्हें एक बार फिर सफलता का स्वाद चखना है तो सोशल मीडिया से दूर रहना चाहिए। साव ने किशोरावस्था में पदार्पण करते हुए टेस्ट शतक बनाया था।

25 साल की उम्र में वह अपने करियर के चौराहे पर खड़े हैं क्योंकि इंडियन प्रीमियर लीग की कोई भी फ्रेंचाइजी उन्हें 75 लाख रुपए के कम आधार मूल्य पर भी खरीदने में दिलचस्पी नहीं दिखा रही थी। भारत के पूर्व वनडे विशेषज्ञ मोहम्मद कैफ सहित कई लोगों को लगता है कि उनके मैदान के बाहर के व्यक्तित्व ने निश्चित रूप से उनके मैदानी खेल को प्रभावित किया है। बहरहाल, पीटरसन ने 'एक्स पर लिखा कि खेल में वापसी की कुछ बेहतरीन कहानियां हैं। अगर पृथ्वी साव के आस पास अच्छे लोग हैं जो उनकी सफलता की परवाह करते हैं तो वे उन्हें सोशल मीडिया से दूर रहने और पूरी तरह से फिट होने के लिए ट्रेनिंग करने को कहेंगे। यह उसे सही रास्ते पर वापस ले आएगा जहां पिछली सफलता वापस हासिल की जा सकती है। वह बहुत प्रतिभाशाली हैं। हाल में साव को अधिक वजन और अनफिट होने के कारण मुंबई रणजी टीम से बाहर कर दिया गया था। उनकी सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट में वापसी हुई लेकिन अभी तक कुछ खास नहीं कर पाए हैं।

### क्राइस्टचर्च टेस्टः इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 8 विकेट से हराया

**क्राइस्टचर्च, एजेंसी।** इंग्लैंड ने क्राइस्टचर्च में खेले जा रहे पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड को 8 विकेट से हरा दिया है। चौथे दिन इंग्लिश टीम ने 104 रनों के टारगेट को 2 विकेट के नुकसान पर महज 12.4 ओवर में ही बना लिया।

इसके साथ ही इंग्लैंड ने सबसे कम ओवरों में टेस्ट क्रिकेट में 100 से ज्यादा रनों के टारगेट चेज करने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। इससे पहले न्यूजीलैंड ने इसी ग्राउंड पर 18.4 ओवर में 109 रनों के टारगेट को हासिल किया था। तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में इंग्लिश टीम 1-0 से आगे हो गई है।

इंग्लैंड की जीत से भारत को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में फायदा हुआ है। इंग्लैंड के जीत के हीरो हैरी ब्रूक और ब्रायडन कार्स रह इंग्लैंड के जीत के हीरो हैरी ब्रूक और ब्रायडन कार्स रहे। कार्स ने पूरे मैच में कुल 10 विकेट हासिल किया।

## 2009 के बाद पहली बार ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में भाग लेंगे नोवाक जोकोविच



**ब्रिस्बेन, एजेंसी।** ब्रिस्बेन 2025 इंटरनेशनल ने बुधवार को 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच के नेतृत्व में 61 पेशेवर टेनिस खिलाड़ियों की स्टार-स्टडेड लाइनअप की घोषणा की, जिसका आगाज 29 दिसंबर को पैट राफ्टर एरिना में होगा। 10 बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन और 99 करियर खिताबों के धारक जोकोविच, 2009 के बाद पहली बार ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में खेलेंगे, जो टूर्नामेंट का पहला साल था।

अपने 100वें खिताब की तलाश में सर्बियाई महान खिलाड़ी पहली बार ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में प्रतिस्पर्धा करने के बाद ब्रिस्बेन लौटने के लिए उत्साहित हैं।

जोकोविच ने कहा, मैं ब्रिसबेन इंटरनेशनल में अपना ऑस्ट्रेलियाई अभियान शुरू करने और पैट राफ्टर एरिना में फिर से प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्साहित हूं। मैं ऑस्ट्रेलियाई प्रशंसकों से मिलने वाले अविश्वसनीय समर्थन का अनुभव करने और इस टूर्नामेंट को यादगार बनाने के लिए उत्सुक हूं। जोकोविच एटीपी 250 इवेंट में गत चैंपियन ग्रिगोर दिमित्रोव (नंबर 10), होल्गर रूण (नंबर 13) और फ्रांसेस टियाफो (नंबर 18) के साथ भाग लेंगे। प्रभावशाली पुरुष क्षेत्र में तीन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी शामिल हो गए हैं, निक किर्गियोस (पीआर 21), एलेक्सी पोपिरिन (नंबर 24) और जॉर्डन थॉम्पसन (नंबर 26), जिनके साथ सेबस्टियन कोर्डा (नंबर 22), माटेओ बेरेटिनी (नंबर 34) और गेल मोनफिल्स (नंबर 55) को भी पिछले कुछ हफ्तों में नामित किया गया है।

महिलाओं की डब्ल्यूटीए 500 स्पर्धा में भी उतनी ही प्रभावशाली खिलाड़ी हैं, जिनमें दुनिया की नंबर 1 एरिना सबालेंका भी शामिल हैं। उनके साथ तीन अन्य शीर्ष-10 खिलाड़ी भी हैं।

### वेस्टइंडीज-बांग्लादेशः

## वेस्टइंडीज को हराकर बांग्लादेश ने खत्म किया 15 साल का सूखा



**जमैका, एजेंसी।** बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज को दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में 101 हराकर 15 साल का सूखा खत्म किया। साल 2009 के बाद बांग्लादेश ने 2009 के बाद पहली बार कैरेबियाई सरजमीं पर जीत दर्ज की। एंटीगुआ में पहले टेस्ट में मिली बड़ी हार के बाद मेहमान टीम ने शानदार वापसी की। इसके बाद सीरीज 1-1 से बराबर हो गई।

बांग्लादेश के लिए यह राहत देने वाली जीत है,जिसने अपने पिछले पांच टेस्ट मैच बुरी तरह गंवाए थे। तायजुल इस्लाम, जाकिर अली और नाहिद राणा जैसे खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के दम पर ने 2024 में घर से बाहर अपनी तीसरी जीत दर्ज की। यह टीम का विदेश में एक साल में सबसे ज्यादा जीत का रिकॉर्ड है।

**तायजुल इस्लाम ने चौथी पारी में 50 रन देकर 5 विकेट लिए**

बाएं हाथ के स्पिनर तायजुल इस्लाम ने चौथी पारी में 50 रन देकर 5 विकेट लिए और वेस्टइंडीज को 185 रन पर समेट दिया। यह उनका 15वां पांच विकेट हॉल था, विदेश में चौथा और कैरेबियाई में 10 साल बाद पहला। तस्कीन अहमद, हसन महमूद और राणा ने अन्य पांच विकेट लिए। राणा ने दूसरी पारी में अपना पहला टेस्ट पांच विकेट हॉल लिया और वेस्टइंडीज को 146 रन पर समेटने में मदद की। बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में सिर्फ 164 रन बनाए थे, लेकिन दूसरी पारी में शानदार वापसी रही। यह जाकिर अली की शानदार पारी बदौलत संभव हुआ, जिन्होंने ताबड़तोड़ 91 रन की पारी में पांच छक्के और आठ चौके लगाए। चौथे दिन सुबह के सत्र में बांग्लादेश के 75 रनों में से 62 रन जाकिर ने बनाए।

# अंडर-19 एशिया कप-भारत ने यूएई को 10 विकेट से हराया



**शारजाह, एजेंसी।** भारत ने अंडर-19 एशिया कप में यूएई को 10 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ इंडियन टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। शारजाह के मैदान पर,श्व ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया। टीम 44 ओवर में 137 रन ही बना सकी। भारत की ओर से युद्धजीत गुहा ने 3 विकेट लिए। जवाब में भारत ने बिना विकेट खोए 16.1 ओवर में 143 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। ओपनर वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे ने अर्धशतक लगाए। वैभव ने 46 बॉल पर 76 और आयुष ने 51 बॉल पर 67 रन बनाए। वैभव ने अपनी पारी में 6 छक्के और 3 चौके लगाए। यूएई की तरफ से मुहम्मद रेयान ने सबसे ज्यादा 35 रन बनाए। अक्षत राय ने 26 रन की पारी खेली। शेष बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर सके। टीम के कप्तान अयान अफजल खान 5 रन बनाकर आउट हुए।

**वैभव ने पारी में 6 सिक्स लगाए:** 13 साल के वैभव सूर्यवंशी पहले दो मैच में फ्लॉप रहे थे। इस मैच में उन्होंने अपनी पहली ही बॉल पर सिक्स लगाया। वैभव ने 32 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 46 बॉल पर नाबाद 76 रन बनाए। पारी में 6 छक्के और 3 चौके भी लगाए। उन्होंने ओपनर आयुष म्हात्रे के साथ मिलकर 97 बॉल में 143 रन जोड़े। वैभव ने छक्का लगाकर भारत को मैच जिताया।

**आयुष म्हात्रे ने 67 रन की पारी खेली:** आयुष म्हात्रे ने अपनी 67 रन की पारी में 4 चौके और 4 छक्के लगाए। उन्होंने 38 गेंदो पर अपनी फिफ्टी पूरी की। आयुष ने 51 बॉल का सामना किया और 131.37 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

**यूएई 137 रन पर ऑलआउट:** यूएई की पूरी टीम 137 रन पर सिमट गई। मेजबान टीम 44 ओवर ही खेल पाई। यूएई की ओर से मुहम्मद रेयान ने सबसे ज्यादा 35 रन की पारी खेली जबकि ओपनर अक्षत राय 26 रन बनाकर आउट हुए।भारतीय टीम की ओर से युद्धजीत गुहा ने 3 विकेट झटके, जबकि चेतन शर्मा और हार्दिक राज ने 2-2 विकेट लिए। केपी कार्तिकेय और आयुष म्हात्रे को एक-एक विकेट मिला।

**आईपीएल के सबसे युवा करोड़पतिः** बिहार के 13 साल के वैभव सूर्यवंशी आईपीएल टूर्नामेंट खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी होंगे। टूर्नामेंट की नीलामी के दूसरे और आखिरी दिन सोमवार को राजस्थान रॉयल्स ने वैभव को 1.10 करोड़ रुपए में खरीद लिया।

# जिला जेल में मनाया गया विश्व एड्स दिवस, कैदियों को किया जागरूक



**पन्ना।** जिला जेल पन्ना में विश्व एड्स दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला जेल के अधीक्षक राजेंद्र प्रसाद मिश्र को रेड रिबन लगाकर सभी बंदीयों को एड्स जांच एवं उपचार के विषय मे जानकारी दी, एड्स के मुख्य कारण एवं स्वास्थ्य जानकारी प्रदान की गई। स्वास्थ्य संबंधी जानकारी अभाव में लापरवाही से घातक समस्या के संबंध में सावधान किया, जिला चिकित्सालय से जिला एड्स जांच एवं आई सी टी सी परामर्शदाता ने सभी केदियो को देश में प्रभावित व्यक्तियों के बढ़ते आंकड़े के साथ हमारे जीवन में भेदभाव मुक्त एच आई वही, एडस के चार कारण एवं उनके उपाय को बताया गया, एचआईवी की जांच कहां पर होती है कैसे की जाती है, गुप्त रोग होने की स्थिति में शर्माए नहीं समय पर जांच एवं इलाज अति आवश्यक है, जिला चिकित्सालय में मुक्त परामर्श निशुल्क दवा वितरण पर बतलाया गया, ओ एस टी परामर्शदाता अशोक कुशवाहा ने इंजेक्शन से नशा करने एवं आदान-प्रदान करने से एचआईवी का खतरा, इसके लिए ओ एस टी केंद्र मैं लोगों को सर्विस दी जाती है एवं दवा खिलाई जाती है जिससे कि बाहरी नशा को छोड़ सकें एवं एचआईवी से होने वाले खतरों से बचा जा सके, 2017 अधिनियम एक्ट एवं 1097 टोल फ्री नंबर के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई, एवं एचआईवी एड्स के महत्व के बारे में बतलाया, नशा मुक्ति कार्यक्रम यूनिट पन्ना में किस प्रकार कार्य कर रही है के संबंध में बताया गया।

उक्त कार्यक्रम में जेल अधीक्षक राजेंद्र प्रसाद मिश्र, आईसीटीसी परामर्शदाता प्रभात मिश्रा, ओ एस टी केंद्र परामर्शदाता अशोक कुमार कुशवाहा जिला चिकित्सालय पन्ना, मेल नर्स जग प्रसाद पटेल जिला जेल, धीरेंद्र अहिरवार, मंगल पाठक जेल प्रहरी एवं जेल स्टाफ कार्यक्रम में सम्मिलित रहे।

## ग्राम पंचायत करहिया के ग्राम लमकुश मे गरीब आदिवासियों को नहीं मिले प्रधानमंत्री आवास, कलेक्टर से लगाई गुहार

### सन्देह के घेरे में सरपंच, सचिव की कार्य प्रणाली



पन्ना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी पीएम आवास योजना लापरवाही की भेंट चढ़ रही है। लापरवाही का आलम यह है कि एक ऐसा गांव जहां के केवल एक हितग्राही को ही इस योजना का लाभ मिला है जिसका निर्माण भी अधूरा पड़ा है। 3 दिसंबर को ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर मदद की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने बताया कि गुनौर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत करहिया के ग्राम लमकुश में अनुसूचित जनजाति के 50 परिवार झुग्गी झोपड़ी एवं कच्चे घरों में निवासरत हैं। जहां आज तक पीएम आवास का लाभ नहीं दिया गया, गांव में रहने वाले लोग अति गरीब हैं जिनकी कोई सुनवाई भी नहीं हो रही, 50 परिवारों की बस्ती में केवल एक हितग्राही रमेश आदिवासी को पीएम आवास मिला है जो अभी अधूरा पड़ा है। ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया है कि गांव के सभी लोग झुग्गी झोपड़ी एवं कच्चे घरों में रहते हैं, जिससे बारिष के दिनों में नीचे पानी भर जाता है और उपर से भी पानी टपकता है जिससे परेषानी होती है, गर्मियों में झोपड़ियों में आग लगने का खतरा रहता है, इस प्रकार यहां के लोग परेषानियों से जूझ रहे है, ग्रामीणों कि समस्या को देखते हुए पीएम आवास योजना का लाभ दिया जाए।

# यातायात पुलिस ने सिमरिया मे चलाया जागरूकता अभियान



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय पुलिस अधिकारी एस.पी.सिंह बघेल के दिशा निर्देशन में यातायात प्रभारी निरी. नीलम लक्षकार द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम व उनमें होने वाली मृत्युदर में कमी लाये जाने हेतु आमजन मानस एवं स्कूली छात्र, छात्राओ को यातायात नियमों के प्रति लगातार जागरुक किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज कस्वा अमानगंज व सिमरिया वाई-पास तिराहा पर विशेष वाहन चैकिंग लगाकर स्कूली वाहनों पर कार्यवाही आमतौर पर यातायात नियमों के उल्लंघन, वाहनों की खराब स्थिति, ओव्हलोडिंग, ड्रायवर द्वारा लापरवाही या बच्चों की सुरक्षा के लिए आवश्यक सुविधाओं के अभाव जैसे कारणों पर चालानी कार्यवाही की गयी। जिसमें यातायात प्रभारी निरीक्षक नीलम लक्षकार द्वारा स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए निर्धारित नियमों का उल्लंघन कर अवैध रुप से स्कूली बच्चों को ले जाने वाले वाहनों सहित अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 64 वाहनों पर चालानी कार्यवाही की जाकर 47300 रुपये समन शुल्क राशि वसूल की गयी। थाना प्रभारी यातायात निरी. नीलम लक्षकार ने बताया कि, स्कूली बच्चों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी जो नियमों का उल्लंघन करते हैं। उन्होंने आम जनता से भी अपील की है कि, वे ऐसे वाहनों का उपयोग न करें ओर बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रशासन का सहयोग करें।

## खेलो एमपी यूथ गेम्स 2024 स्थगित

**पन्ना।** प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की छ:माही परीक्षा होने के कारण ब्लॉक, जिला, संभाग एवं राज्य स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स 2024 के आयोजन को स्थगित कर दिया गया है।

## विश्व एड्स दिवस पर स्वास्थ विभाग की टीम नें किया जागरूक



**पन्ना।** विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष में लगातार स्वास्थ विभाग की टीम द्वारा एक सप्ताह तक जागरूकता अभीयान चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी संबंध में जिला कलेक्टर सुरेश कुमार से मुलाकत करते हुए रेड रिबन लगाकर एड्स रोग के बचाव तथा उपायों के संबंध मे अवगत कराया गया।

तत्पश्चात् छत्रसाल महाविद्यालय में छात्र छात्राओं को एड्स रोग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान एड्स जागरूकता को लेकर काउन्सलर प्रभात मिश्रा तथा अखिलेश श्रिवास द्वारा बताया गया कि यह गुप्त रोग है, तथा बहुत ही घातक है, इससे बचाव के उपाये आवश्यक है। यह रोग संक्रमित सिरिंज से फैलता है, संक्रमित संबंध बनाने से फैलता है, मां से बच्चो मे फैलता है तथा एक संक्रमित व्यक्ति दूसरे को ब्लड देता है तो उससे फैलता है। इस दौरान जिला चिकित्सालय के टीम मे शामिल अनेक लोग उपस्थित रहें। जिसमें सुनील गुप्ता, अशोक कुशवाहा, राम नाथ ओमरे आदि।

## जिला पुरातत्व परिषद की बैठक 9 दिसम्बर को

**पन्ना।** जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद अंतर्गत गठित कार्यकारिणी समिति की बैठक सोमवार, 9 दिसम्बर को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होगी। जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित समिति की बैठक में पन्ना जिले में पर्यटन विकास गतिविधियों को बढ़ावा देने के संबंध में चर्चा की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय ने समिति के सभी शासकीय एवं अशासकीय सदस्यों से निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# निजी चिकित्सालयों में दर सूची प्रदर्शित करना अनिवार्य

पन्ना

आयुक्त स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा सभी निजी चिकित्सालयों (नर्सिंग होम) को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने अस्पताल में प्रदायित सभी चिकित्सकीय सेवाओं की दर सूची (रेट लिस्ट) प्रमुखता से प्रदर्शित करें। नागरिकों के हितों की रक्षा कर उन्हें बेहतर और पारदर्शी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिये यह महत्वपूर्ण है।

निजी चिकित्सालयों में काउंटर पर दर सूची का प्रदर्शन अनिवार्य है। रोगी या उनके परिवारजन द्वारा मांग करने पर दर सूची दिखाना अस्पताल प्रबंधन का दायित्व भी होगा। इसके अलावा, यदि किसी अस्पताल को दर सूची में संशोधन करना हो, तो इसकी लिखित सूचना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को देना आवश्यक है। संशोधित दर सूची को भी प्रमुखता से प्रदर्शित करना होगा। इसका उद्देश्य रोगियों के अधिकारों की रक्षा करने और स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता लाना है।

यह निर्देश म.प्र. उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं अधिनियम, 1973 और नियम, 1997 (यथासंशोधित 2021) के नियम 17 के अनुसार जारी किए गए हैं। सभी निजी चिकित्सालयों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे इन प्रावधानों का पालन करें। आयुक्त ने समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को इसके अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। दर सूची के बिना अतिरिक्त शुल्क लेना नियमों का उल्लंघन है। मनमानी शुल्क वसूलने की घटनाओं को रोकने के लिए सतत निरीक्षण करने के निर्देश भी दिये गए हैं।

## कलेक्टर ने पशुचारा एवं भूसे के निर्यात पर लगाया प्रतिबंध



**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ने पन्ना जिले में पशु चारा एवं भूसा की कमी की आशंका तथा पशुओं को पर्याप्त मात्रा में चारा भूसा की आपूर्ति बनाए रखने के उद्देश्य से पशु चारे एवं भूसे के निर्यात को प्रतिबंधित किया है। आगामी 28 फरवरी 2025 तक जिले की सीमावर्ती जिलों में निर्यात पर प्रतिबंध रहेगा।

जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मध्यप्रदेश चारा (निर्यात नियंत्रण) आदेश 2000 में निहित प्रावधानों के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर जारी किए गए आदेश में उल्लेखित है कि प्रतिबंध अवधि में पशु आहार में आने वाले सभी प्रकार के चारे, घास-भूसा, कड़वी (ज्वार के डंठल), पैरा (धान के डंठल) इत्यादि का पन्ना जिले के बाहर सीमावर्ती जिलों में परिवहन एवं निर्यात पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लागू रहेगा। कोई भी कृषक, व्यापारी, निर्यातक व्यक्ति किसी भी प्रकार से प्रतिबंधित पशुचारा एवं भूसा का परिवहन किसी वाहन, नाव, मोटर, रेल या किसी भी यान द्वारा जिले के बाहर अन्य जिले में संबंधित क्षेत्र के उपखण्ड मजिस्ट्रेट की अनुज्ञा के बिना निर्यात नहीं करेगा। आदेश का क्रियान्वयन एवं अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए तहसीलदार, नायब तहसीलदार और थाना प्रभारी को नियुक्त किया गया है। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक बिन्दुओं पर जांच तथा आवश्यक कार्यवाही सहित उल्लंघन प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# जंगल में बनवाया जा रहा खेल मैदान, ग्रामीणो ने कलेक्टर से लगाई गुहार



**पन्ना।** जिले की पवई जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया दोन में सरपंच ममता चौधरी सचिव हसीम मोहम्मद और ठेकेदार के द्वारा मिलकर गांव के लिए स्वीकृत खेल मैदान का निर्माण निजी लाभ के लिए गांव से लगभग 10 किमी की दूरी पर घने जंगल के बीच ऐसी जगह पर बनवाया जा रहा है जहां सड़क बिजली और पेयजल की कोई सुविधा नहीं है जिससे वहां पर लाखों रुपए की लागत से खेल मैदान का निर्माण करवाने का कोई ओचित्य नहीं है। वहां गांव के बच्चे खेलने नहीं पहुंच पाएंगे, जागरूक नागरिकों के द्वारा सरपंच सचिव और ठेकेदार से बातचीत कर गांव के पास खाली पड़ी शासकीय भूमि में खेल मैदान बनवाने का आग्रह किया गया। लेकिन किसी के भी द्वारा बात नहीं मानी गई जिसके बाद पवई जनपद सीईओ और एसडीएम से भी मांग की गई। लेकिन जब वहां भी कोई सुनवाई नहीं हुई तो कलेक्टर कार्यालय पन्ना पहुंचकर सामूहिक रूप से शिकायती आवेदन सौंप कर जंगल के बीच खेल मैदान बनाए जाने का विरोध करते हुए गांव के पास खाली पड़ी शासकीय जमीन में खेल मैदान बनवाने का आग्रह किया है। आवेदन के दौरान बृजेश कुमार पाल और जाहर सिंह के साथ काफी संख्या में गांव के लोग शामिल रहे।

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस 7 दिसम्बर को

**पन्ना।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 7 दिसम्बर 2024 को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जायेगा। सभी सरकारी विभाग, कॉलेज एवं स्कूल सहित आम नागरिक भी व्यक्तिगत रूप से अंशदान कर सैनिकों के साथ भावनात्मक संबंध स्थापित कर सकते हैं। यह दान राशि आयकर में छूट प्रदान करती है तथा इसका उपयोग भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं, वीरांगनाओं तथा उनके आश्रितों के कल्याण में किया जाता है।

## ट्रैक्टर पलटा, हादसे मे बीस वर्षीय युवक की मौत

### मृतक की दो दिन बाद होनी थी शादी

**पन्ना।** अजयगढ कस्वा में बीते दिवस मुरूम भरने गया ट्रैक्टर अनियंत्रित हो कर पलट गया। जिसमे चालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बीते दो दिसम्बर को चालक राम विशाल पिता शिवप्रसाद प्रजापति उम्र लगभग 20 वर्ष बघराजन मोहल्ला अजयगढ ट्रैक्टर लेकर कुँवरपुर नारायणचुवा बालू लेने गया था वही पास मे खदनिया थी जैसे ही ट्रैक्टर खदनिया के नजदीक पहुँचा तथा खदनिया मे धस गया तथा चालक टैक्टर से उचटकर काफी दूर नीचे गिर गया तथा चालक की मृत्यु हो गयी ज्ञातव्य हो कि मृतक की इसी माह शादी होना था घर मे कोहराम मच गया परिजन उसे अस्तपाताल लाये तथा पुलिस भी अस्तपाताल पहुँच कर पंचनामा कार्यवाही आदि करते हुये मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया तथा पुलिस द्वारा विवेचना जारी है।

## शराब के नशे में जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**पन्ना।** अजयगढ विगत दिनांक 2 दिसम्बर 24 को दीपक पिता जगदीश बेडिया उम्र 25 वर्ष निवासी नयागॉव भोदू की चक्की धरमपुर अर्न्तगत ने शराब के नशे में धुत अपने घर मे कोई जहरीला पदार्थ खा लेने से लगभग 3 बजे दोपहर मुत्यु हो गयी घर के परिजन तत्काल अजयगढ अस्तपातल लाये जहाँ डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया धरमपुर पुलिस द्वारा पंचनामा कार्यवाही आदि कर मृतक का पोस्ट मार्टम कराया गया तथा पुलिस द्वारा विवेचना जारी है।

## स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में विश्व दिव्यांग दिवस का आयोजन

**पन्ना।** श्री राम शिक्षा प्रसार एवं ग्रामीण विकास समाज उत्थान समिति पन्ना द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय एवं स्वामी विवेकानंद आवासीय दिव्यांग संस्थान पन्ना में विश्व दिव्यांगजन दिवस पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज नारायण सिंह, विशिष्ट अतिथि विनय श्रीवास्तव, श्रीमती मीरा अग्रवाल एवं श्रीमती सरिता अग्रवाल उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि राज नारायण सिंह द्वारा अपने उद्बोधन में बताया गया कि सर्वप्रथम, मैं आपको विश्व दिव्यांग दिवस की शुभकामनाएं देता हूँ। यह दिन हमारे समाज में दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है। दिव्यांगता केवल दृष्टिकोण में है, न कि क्षमता में। यह कथन हमें यह समझने की प्रेरणा देता है कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न और मूल्यवान हिस्सा हैं। दिव्यांग जनों की कभी उपेक्षा नही करनी चाहीए। तत्पश्चात् विशिष्ट अतिथि विनय अग्रवाल द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किए।

# पॉक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सतना।** सिंहपुर पुलिस ने नाबालिग से छेडख़ानी के आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। थाना प्रभारी अजय अहिरवार ने बताया कि बीते 24 नवंबर को शाम करीब 5 बजे किशोरी अपनी छोटी बहन के साथ घर पर थी, तभी आरोपी जयदेव पुत्र जतिन किरतनिया 38 वर्ष, आ धमका। आरोपी ने पीने के लिए पानी मांगा और पीछे-पीछे घर के अंदर घुस गया। जैसे ही पीड़िता ग्लास में पानी लेकर उसके पास पहुंची तो युवक ने उसे पकड़ लिया और अश्लील हरकत करने लगा। इस दौरान लडक़ी ने किसी तरह खुद को बचाते हुए शोर मचाया तो आरोपी धमकी देकर भाग गया। परिजनों के वापस आने पर पीड़िता ने आपबीती सुनाई, मगर लोकलाज के डर से माता-पिता रिपोर्ट दर्ज कराने थाने नहीं पहुंचे। अंतत: एक सप्ताह के बाद किसी तरह हिम्मत जुटाकर बालिका और उसके परिजनों ने थाने पहुंचकर शिकायत की, जिस पर बीएनएस, पॉक्सो और एससी-एसटी एक्ट में कायमी कर आरोपी की तलाश प्रारंभ कर दी गई। चौबीस घंटे के अंदर रविवार सुबह आरोपी जयदेव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# कलेक्टर ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न निर्माण विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में क्रियान्वित कार्यों की समीक्षा की। इस मौके पर उपस्थित जल संसाधन, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सहित हाउसिंग बोर्ड एवं अन्य निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्यों की समय-सीमा में पूर्णता व किसी भी समस्या अथवा अवरोध के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। भू-अर्जन मामलों में समय-समय पर वस्तुस्थिति व प्रगति से अवगत कराने के लिए भी निर्देशित किया गया। जिला कलेक्टर ने निर्माणाधीन व प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत रूप से समीक्षा के दौरान वन एवं राजस्व विभाग संबंधी प्रकरणों के निराकरण के लिए अनिवंब अवगत कराने के लिए कहा। जल संसाधन विभाग की समीक्षा के दौरान विभागीय परियोजनाओं की भौतिक व वित्तीय प्रगति के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा मझगांय परियोजना के शेष मुआवजा राशि वितरण कार्य को इस सप्ताह पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। विभाग के कार्यपालन यंत्री सतीश शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि रूंझ परियोजना में सभी प्रभावितों को मुआवजा राशि का वितरण किया जा चुका है। अब यहां निर्बाध रूप से शेष कार्य पूर्ण कराए जाएंगे। उन्होंने विभाग अंतर्गत जिले में क्रियान्वित अन्य सूक्ष्म एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाओं की जानकारी दी। कलेक्टर श्री कुमार ने संबंधितों को पुनर्वास पैकेज का यथाशीघ्र भुगतान कर सहमति के आधार पर अन्य स्थानों पर जमीन आवंटन संबंधी मुद्दों से अवगत कराने के निर्देश दिए। साथ ही राजस्व विभाग संबंधी कठिनाईयों को दूर करने के लिए भी निर्देशित किया। हनुमान भाटा पहुंच मार्ग का पुन: कराएं सर्वे कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान कार्यपालन यंत्री को सड़क निर्माण के दृष्टिगत अवैध अतिक्रमण का चिन्हांकन कर अतिक्रमण हटवाने और लंबित भू अर्जन मामलों के शीघ्र निराकरण की कार्यवाही के निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी कर ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही भी करें। समयावधि में निर्माण कार्यों की पूर्णता का विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने पवई क्षेत्र के हनुमान भाटा के लिए कम दूरी के पहुंच मार्ग निर्माण के लिए उपयोगितानुसार पूर्व के प्रस्ताव को संशोधित करने तथा व्यवहारिक रूप से उपयुक्तता के आधार पर पुन: सर्वे के निर्देश दिए।

# लापता युवक की तालाब में मिली लाश

**सतना।** कोलगवां थाना अंतर्गत नईबस्ती से लापता युवक की लाश बदखर के तालाब में मिलने से सनसनी फैल गई, जिस पर मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि भल्ला डेयरी फार्म के पास रहने वाला कुलदीप पुत्र छोटेलाल अहिरवार 24 वर्ष, अपने घर से शनिवार शाम को साइकिल लेकर निकल गया और देर शाम तक वापस नहीं लौटा तो परिजन तलाश करने लगे, फिर भी युवक का सुराग नहीं लगा।

ऐसे में परिजन ने रविवार सुबह थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज करा दी, लिहाजा पुलिस भी जांच में जुट गई। इसी बीच बदखर स्थित खत्री पेट्रोल पम्प के पीछे बने तालाब की मेड़ पर साइकिल और कपड़े रखे होने की सूचना आई तो पुलिस टीम फौरन युवक के परिजनों को लेकर पहुंच गई, जिन्होंने उक्त चीजों को पहचान लिया।

तालाब किनारे साइकिल और कपड़े मिलने पर युवक के पानी में डूबने का संदेह गहरा गया, ऐसे में पुलिस ने एसडीईआरएफ को बुलाकर सर्चिंग प्रारंभ कराई। कई घंटों की खोजबीन के बाद दोपहर करीब साढ़े 3 बजे कुलदीप की लाश तालाब से बाहर निकाली गई, जिसे देखकर परिजनों के सब्र का बांध टूट गया।

बताया गया है कि इसी साल अप्रैल में युवक का विवाह हुआ था, मगर नवविवाहिता पत्नी इन दिनों मायके में थी। युवक कब और किन हालातों में तालाब तक पहुंचकर डूब गया, यह रहस्य बना हुआ है। पुलिस इन्हीं सवालों का जवाब खोजने में जुट गई है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, गुरूवार 05 दिसम्बर 2024 | 8


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना (संबल 2.0) के पात्र हितग्राहियों को अनुग्रह राशि का वितरण किया गया। राशि प्राप्त करते हितग्राही।



## मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से जिले के 185 मजदूरों को जारी की अनुग्रह राशि

### जिला पंचायत अध्यक्ष तथा विधायक ने किया संबल योजना की राशि का वितरण



**रीवा।** मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना का राज्य स्तरीय कार्यक्रम भोपाल में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वर्चुअल माध्यम से संबल योजना के प्रदेश के 10236 मजदूरों को सिंगल क्लिक से 225 करोड़ रुपए की अनुग्रह राशि जारी की। रीवा जिले के 185 मजदूरों को भी उनके बैंक खाते में अनुग्रह राशि प्राप्त हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि संबल योजना मजदूरों के संकट काल में अपने नाम के अनुरूप संबल प्रदान करती है। मजदूरों की मुश्किल घड़ी में सरकार उनके साथ खड़ी है। संबल योजना से अब तक प्रदेश में 6 लाख 16 हजार से अधिक मजदूरों को 5626 करोड़ रुपए से अधिक के हितलाभ का वितरण किया जा चुका है। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी के संबोधन का सजीव प्रसारण दिखाया गया। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल तथा विधायक सिरमौर श्री दिव्यराज सिंह ने जिले के संबल योजना से लंबित हितग्राहियों को टोकन स्वरूप हितलाभ का वितरण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सरकार किसानों के साथ-साथ मजदूरों का जीवन बेहतर करने के लिए अनेक योजनाओं के माध्यम से लाभ दे रही है। संबल योजना संकट काल में मजदूरों के लिए बहुत बड़ा सहारा है।

हर मजदूर संबल योजना में अपना पंजीयन कराकर इसका लाभ उठाएं। विधायक सिरमौर ने इस अवसर पर कहा कि सरकार मुखिया मुख्यमंत्री डॉ यादव पूरी संवेदनशीलता से मजदूरों के कल्याण के प्रयास कर रहे हैं। आज प्रदेश के हजारों मजदूरों को संबल योजना से अनुग्रह राशि का लाभ मिला है। समारोह में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, प्रभारी जिला श्रम पदाधिकारी आशुतोष सिंह तथा बड़ी संख्या में मजदूर शामिल रहे।

## रीवा में तानसेन संगीत समारोह की संगोष्ठी आज

**रीवा।** मध्यप्रदेश के संस्कृति विभाग द्वारा हर वर्ष ग्वालियर में तानसेन संगीत समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष 15 दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक ग्वालियर में तानसेन संगीत समारोह आयोजित किया जाएगा। यह तानसेन संगीत समारोह का शताब्दी वर्ष है। इस क्रम में रीवा में माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के आडिटोरियम में तानसेन संगीत समारोह पर केन्द्रित संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। संगोष्ठी 5 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे से आरंभ होगी। संगोष्ठी के बाद संगीत की मधुर प्रस्तुतियाँ भी होंगी। सभी संगीत प्रेमियों और गणमान्य नागरिकों से इस गरिमामय कार्यक्रम से लाभ उठाने की अपील है।

## राजस्व महाभियान में राजस्व प्रकरणों का निराकरण अनिवार्यत: करें : कमिश्नर

### कमिश्नर ने मनगवां में राजस्व न्यायालय का किया निरीक्षण



**रीवा।** राजस्व महाअभियान के तीसरे चरण में राजस्व प्रकरणों के शत प्रतिशत निराकरण कराने व राजस्व न्यायालयों में प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेने के उद्देश्य से रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने मनगवां एसडीएम तथा तहसीलदार कार्यालय का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि राजस्व प्रकरणों का निराकरण शत प्रतिशत करें। नामांतरण तथा सीमांकन के लंबित प्रकरणों का प्रति दिवस की कार्य योजना बनाते हुए पटवारियों को दैनिक लक्ष्य दें। नक्शा तरमीम के प्रकरण बड़ी संख्या में लंबित हैं। इनके निराकरण के लिए भी पटवारियों को दैनिक लक्ष्य निर्धारित कर उसकी पूर्ति कराएं। बटवारा तथा फौती नामांतरण के प्रकरणों में समय पर इश्तहार को जारी करते हुए निर्दिष्ट स्थल में चस्पा कराएं। कमिश्नर ने सूरा, गढ़ एवं डेल्ही सर्किल के नायब तहसीलदारों से अभियान अंतर्गत किए जा रहे राजस्व प्रकरणों के निराकरण की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि के ईकेवाईसी और आधार सीडिंग के प्रकरण अधिक संख्या में लंबित रहने पर नाराजगी व्यक्त की।

कमिश्नर ने राजस्व न्यायालय का निरीक्षण करते हुए बटवारा फाइलों का निरीक्षण किया तथा निर्देश दिए कि प्रकरण का निराकरण होंने पर इसका अमल दरामद अनिवार्यत: करें। कमिश्नर ने बटवारा प्रकरण सहित अन्य राजस्व कार्यों में लापरवाही बरतने पर मनगवां पटवारी सतीश वर्मा को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने एसडीएम पीएस त्रिपाठी को निर्देशित किया कि राजस्व महाअभियान में सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। अभियान की हल्कावार प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करें। राजस्व महाभियान के निर्देशों में शामिल बिंदुओं में लंबित प्रकरणों का 13 दिसम्बर तक अनिवार्य रूप से निराकरण कराएं। इस दौरान कमिश्नर ने आमजनों एवं अधिवक्ताओं की समस्याएं भी सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए।

## बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने के लिए चलेगा आपरेशन निखार

### कमिश्नर ने बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों को समुचित मार्गदर्शन के दिए निर्देश

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद ने संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों को समुचित मार्गदर्शन के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने कहा है कि सभी जिलों में आपरेशन निखार अभियान चलाकर कक्षा दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों को निदानात्मक मार्गदर्शन दें। जो विद्यार्थी डी एवं ई ग्रेड में हैं उनके लिए अतिरिक्त कक्षाएं संचालित कराएं। लोक शिक्षण संचालनालय से निदानात्मक कक्षाओं के लिए तैयार माड्यूल से कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को अभ्यास कराएं। सभी विद्यार्थियों को गत तीन वर्षों के प्रश्नपत्रों का पूरा अभ्यास कराएं। सभी स्कूलों में निदानात्मक कक्षाएं लगाकर हर सप्ताह विद्यार्थियों का मूल्यांकन करें। कक्षा दसवीं और बारहवीं में त्रैमासिक परीक्षा में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले 10-10 विद्यार्थियों का चयन करके इन्हें बोर्ड परीक्षा की मेरिट सूची में स्थान बनाने के लिए प्रोत्साहित करें। हर सप्ताह संभाग और जिला स्तर के अधिकारी अपनी सुविधा के अनुसार स्कूल का चयन करके उसमें एक घंटे विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। कलेक्टर साप्ताहिक टीएल बैठक में आपरेशन निखार की समीक्षा कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

## एसडीएम ने लापरवाह पटवारी को किया निलंबित

**रीवा।** मनगवां एसडीएम पीएस त्रिपाठी ने मनगवां हल्के के पटवारी सतीश कुमार वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं। यह कार्यवाही मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के तहत की गई है। निलंबन अवधि में श्री वर्मा का मुख्यालय तहसील कार्यालय मनगवां रहेगा। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। राजस्व महाभियान में गंभीर लापरवाही बरतने पर यह कार्यवाही की गई है।

## कमिश्नर ने राजस्व महाभियान अंतर्गत मऊगंज जिले की विभिन्न तहसीलों का किया निरीक्षण

### प्रति दिवस की कार्य योजना बनाकर लंबित प्रकरणों का करें निराकरण : कमिश्नर



**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने राजस्व महाअभियान के तहत मऊगंज जिले की मऊगंज, देवतालाब एवं हनुमना तहसीलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजस्व महाअभियान के शेष दिनों के लिए प्रति दिवस की कार्य योजना बनाकर लंबित प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने बटवारा, नामांतरण, सीमांकन, अभिलेखों में सुधार सहित अन्य राजस्व प्रकरणों की अब तक की गई कार्यवाही की सर्किलवार एवं पटवारी हल्कावार जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि इस अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 5 पटवारियों को पुरस्कृत किया जाएगा तथा अंतिम 10 स्थान में रहने वाले दंडित होंगे। बटवारा के प्रकरणों में पटवारी समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। रिपोर्ट के साथ खातेदारों के मध्य जमीन के बटवारे का विवरण भी संलग्न करें। कई प्रकरणों में पटवारी रिपोर्ट प्रस्तुत न होने पर कमिश्नर ने नाराजगी व्यक्त की। कमिश्नर ने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निर्णयों में पूर्णत: न्याय के साथ निर्णय करें। सभी पीठासीन अधिकारी राजस्व प्रकरणों की नियमित सुनवाई करके अंतिम रूप से निराकरण करें। सभी निराकृत प्रकरण आरसीएमएस पोर्टल में दर्ज करें। कार्यालय में यदि कोई भी राजस्व प्रकरण आरसीएमएस पोर्टल में बिना दर्ज किए हुए मिला तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। नामांतरण, बंटवारा सहित सभी राजस्व प्रकरणों में दोनों पक्षों का पक्ष सुनकर निर्णय करें। राजस्व प्रकरणों में पक्षकारों और अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर अवश्य कराएं। कमिश्नर ने देवतालाब सर्किल में राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर नायब तहसीलदार श्यामलाल मोगरे को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## बैंकों में अब सुबह 10 से शाम 4 बजे तक होगा लेन-देन

**रीवा।** जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक जगमोहन कुमार ने बताया है कि रीवा जिले के सभी बैंकों में बैंकिंग के समय में एक जनवरी 2025 से परिवर्तन किया जा रहा है। बैंकों में एक जनवरी से सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक लेन-देन का कार्य होगा। यह व्यवस्था सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों के साथ ग्रामीण बैंकों में भी लागू रहेगी। राज्य स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति के निर्देशों के अनुसार बैंकों के बैंकिंग समय में परिवर्तन किया गया है। सभी बैंक शाखा प्रबंधक एक जनवरी 2025 से निर्धारित किए गए समय खण्ड में बैंकिंग का कार्य सुनिश्चित करें।

## कृषि महाविद्यालय में आयोजित हुआ सायबर जगरूकता कार्यक्रम



**रीवा।** कृषि महाविछ्यालय रीवा में बढते सायबर अपराधों को दृष्टिगत रखते हुए जगरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पुलिस अधीक्षक रीवा श्रीमती शिवाली चतुर्वेदी, निरी0 हितेन्द्रनाथ शर्मा एवं सायबर सेल प्रभारी निरीक्षकविरेन्द्र पटेल ने छात्र छात्राओ को वर्तमान में घटित हो रहे सायबर अपराधो के बिषय में जानकारी प्रदान की एवं सायबर अपराधो से बचने के उपायबताए गए.इस अवसर पर कृषि महाविछ्यालय के प्राचार्य, छात्र छात्राएं एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे। उक्त जगरूकता कार्यक्रम में प्रभारी सायबर सेल विरेन्द्र पटेल ने विभिन्न प्रकार के सायबर अपराधो जैसे एटीएम एक्सचेंज,सिम क्लोनिंग,ओएलएक्स फ्राड,एपीके फाइल भेजकर किए जाने वाले फ्राड, डिजिटल अरेस्ट, जांब फ्राड,शोसल मीडिया के माध्यम से होने वाले फ्राड आदि बिषयो पर विस्तार से जानकारी प्रदान कीएवं उनसे बचने के उपाय बताए। वही थाना प्रभारी वि0वि निरी0 हितन्द्रनाथ शर्मा ने अपने थाने मे दर्ज हाल ही की सायबर अपराध की घटना जो लोन दिलाने के नाम पर घटित हुई थी उसके संबंध में जानकारी प्रदान की गई एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती शिवाली चतुर्वेदी ने महिलाओ के संबंध में घटित हो रहे एवं अन्य प्रकार के सायबर अपराधो के विषय पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

## संभाग में अब तक खनिज राजस्व में मिली 2112.24 करोड़ रुपए की राशि

**रीवा।** रीवा संभाग के सभी जिलों में प्रचुर मात्रा में खनिज संपदा के भंडार हैं। सिंगरौली जिला कोयले के भंडार के कारण प्रदेश के सर्वाधिक राजस्व देने वाले जिलों में से एक है। साथ ही सिंगरौली देश की ऊर्जाधानी के रूप में भी जाना जाता है। रीवा संभाग में मुख्य रूप से कोयला, बाक्साइट, लौह अयस्क, लाइम स्टोन, रेत, गेरू पत्थर, फर्शी पत्थर तथा लेटराइट के खनिज भण्डार हैं। संभाग में इस वर्ष एक अप्रैल से 31 अक्टूबर तक कुल 2112 करोड़ 24 लाख रुपए का खनिज राजस्व प्राप्त हुआ है। यह आनुपातिक वार्षिक लक्ष्य का 87.87 प्रतिशत है। संभाग में सर्वाधिक खनिज राजस्व 1965.4 करोड़ सिंगरौली जिले से प्राप्त हुआ है। इस संबंध में उप संचालक खनिज साधन संजीव मोहन पाण्डेय ने बताया कि संभाग के लिए इस वर्ष के लिए कुल 4750 करोड़ रुपए का लक्ष्य दिया गया है।

## परिवहन विभाग ने शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रीवा में लगाया लर्निंग लाइसेंस शिविर

**रीवा।** परिवहन विभाग रीवा ने छात्रो के लर्निंग लाइसेंस के लिए उनके कॉलेजो/ संस्थाओ में जाकर शिविर लगाया। जहा पर छात्रो को यातायात के नियमों के बारे में समझाइस दी गई।छात्रो को यह बताया गया की सुरक्षित वाहन चालन के लिए ड्राइविंग लाइसेंस बहुत आवश्यक है।छात्रो को लर्निंग लाइसेंस कैसे बनाते है इस बात क़ी जानकारी क्लास में ही ऑनलाइन पोर्टल से वही पर लाइसेंस बनाकर दी गई।संस्था में लड़कियों के लर्निंग लाइसेंस निशुल्क बनाये गये।यह लर्निंग लाइसेंस शिविर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रीवा में लगाया गया।लाइसेंस प्रशिक्षण के दौरान आर टी ओ रीवा मनीष त्रिपाठी परिवहन सुरक्षा स्क्वाड प्रभारी रवि मिश्रा परिवहन कार्यालय से लाइसेंस शाखा प्रभारी सुखीनंद कोल सचिन सोनी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रीवा के प्राचार्य श्री एस एन मिश्रा विपुल पांडे आर एन पटेल संजय पांडे प्रभास सिंह आदि शामिल रहे। लाइसेंस बनने के पश्चात प्राचार्य श्री एस एन मिश्रा जी के हाथो से छात्रो को लाइसेंस की प्रति प्रदाय कराई गई ।आज 50 फ़ेसलेश लाइसेंस बनाये गए।दिनांक 5/12/2024 को लाइसेंस का शिविर मऊगंज शासकीय कालेज में लगाया जाएगा।

## हर खरीदी केन्द्र में पर्याप्त मात्रा में बारदाने तत्काल उपलब्ध कराएं : कलेक्टर

### खरीदी केन्द्र में किसानों के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें : कलेक्टर

### बारदाना की कमी से उपार्जन बाधित हुआ तो होगी कार्यवाही



**रीवा।** कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित जिला उपार्जन समिति की बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम दो दिवस में सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध कराएं। गत वर्ष खरीदी केन्द्र में जितनी मात्रा में धान का उपार्जन किया गया था उसके अनुसार बारदाने तत्काल उपलब्ध करा दें। मिलर्स से तत्काल पुराने बारदाने प्राप्त करके सभी खरीदी केन्द्रों में उपलब्ध कराएं। बारदाना उपलब्ध न होने पर यदि धान का उपार्जन बाधित हुआ तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिला प्रबंधक बारदाने उपलब्ध कराने और उपार्जित धान के परिवहन की दो दिवस में पूरी कार्ययोजना प्रस्तुत करें। धान उपार्जन में किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि उपार्जन के लिए तैनात नोडल अधिकारी सभी एसडीएम तथा अन्य राजस्व अधिकारी प्रतिदिन कम से कम तीन खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करें। सभी खरीदी केन्द्रों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएं। महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक धान उपार्जन के लिए प्रत्येक खरीदी केन्द्र में मजदूर और हम्माल उपलब्ध कराएं। खरीदी केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं का बोर्ड लगाएं साथ ही किसानों के लिए छाया, पानी, धान को व्यवस्थित रूप से रखने तथा तौल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। किसान को धान उपार्जन में किसी भी तरह की देरी न हो। उपार्जित धान का किसान के बैंक खाते में तत्काल भुगतान कराएं। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि खाद की रैक नियमित रूप से प्राप्त हो रही है। सहकारी समितियों और विपणन संघ के केन्द्रों से खाद वितरण की कड़ी निगरानी रखें। डीएपी खाद की दो रैक आने वाली है। इसका ठीक से वितरण सुनिश्चित करें। जहाँ आवश्यक हो वहाँ सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल का भी सहयोग लें। बैठक में जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम अशोक ठाकुर ने बताया कि सभी खरीदी केन्द्रों में बारदाने उपलब्ध करा दिए गए हैं। मिलर्स से दो दिवस में बारदाने लेकर समितियों को उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

जिला प्रबंधक सहकारी बैंक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि अधिकांश केन्द्रों में धान का उपार्जन शुरू हो गया है। बैठक में संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय उपार्जन के लिए की गई व्यवस्थाओं की समितिवार तथा खरीदी केन्द्रवार जानकारी दी। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, जिला प्रबंधक मार्कफेड शिखा सिंह वर्मा, उप संचालक कृषि यूपी बागरी तथा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।


आयुष्मान द्वारा नि:शुल्क उपचार की सूवधा

अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में

लेज़र मशीन द्वारा

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू

लेजर फायदें

• अस्पताल में रहने की आवश्यकता नहीं • ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ • रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी • किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी • फिर से होने की संभावना सबसे कम • कम से कम समय में काम पुन: शुरू कर सकते है

उपलब्ध सुविधाएँ

• आकस्मिक चिकित्सा इकाई • गहन चिकित्सा • खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र • दवाईयाँ • प्रसूति कक्ष • शल्य चिकित्सा कक्ष • शल्य कियोत्तर कक्ष

आयुष्मान द्वारा नि:शुल्क उपचार की सुविधा

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर

जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)

8435896118, 9630131919, 7898847200



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833